


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 241 | ग्वालियर, मंगलवार, 20 जून 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए




## न्यूज ट्रैक

### मनोज मुंतशिर को मुंबई पुलिस ने दी सुरक्षा, आदिपुरुष पर बवाल के बाद राइटर ने बताया था जान का खतरा



**नई दिल्ली।** प्रभास और कृति सेनन स्टारर फिल्म आदिपुरुष पर देश समेत विदेश में बवाल मचा हुआ है. आदिपुरुष के कुछ डायलॉग और तस्वीरों को लेकर हिंदूवादी संगठन हंगामा कर रहे हैं. देश के कई हिस्सों में इस फिल्म को बंद करने के लिए विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं. भारी विरोध के बाद काठमांडू में फिल्म को बैन कर दिया गया है. इस बीच फिल्म के राइटर मनोज मुंतशिर ने पुलिस से सुरक्षा की मांग की थी. मुंबई पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्हें सुरक्षा प्रदान की है.  मनोज मुंतशिर फिल्म पर हो रहे बवाल को देखते हुए खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं. मुंतशिर को कई तरह की धमकियां भी मिल रही है. ऐसे में उन्होंने मुंबई पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई थी. दरअसल, फिल्म आदिपुरुष बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रखी है. तीन दिन में फिल्म ने रिकॉर्डतोड़ कमाई की है. हालांकि, फिल्म में कुछ डायलॉग को लेकर देश भर में विरोध प्रदर्शन हो रहा है. हिंदूवादी संगठनों ने इस फिल्म में डायलॉग को हटाने की मांग की है. विवाद बढ़ता देख फिल्म के राइटर मनोज मुंतशिर ने डायलॉग बदलने का ऐलान किया है, लेकिन बढ़ रहे विरोध को देखते हुए मनोज मुंतशिर को डर सता रहा है कि कुछ लोग उन्हें घेरे में ना ले लें. इसको लेकर उन्होंने मुंबई पुलिस से सुरक्षा की मांग की.

### कुंभ मेले पर इस बार नहीं होगी ट्रेन की किल्लत, रेलवे चलाएगा 800 स्पेशल ट्रेनें

**नई दिल्ली।** कुंभ स्नान करने वालों के लिए खुशखबरी है. क्योंकि इस बार  किसी भी श्रद्धालु को कुंभ जाने के लिए रेल की चिंता करने की जरूरत नहीं है. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कुंभ की तैयारी बैठक लेते हुए 800 स्पेशल ट्रेन चलाने का फैंसला लिया है. यही नहीं जरूरत पड़ने पर स्पेशल ट्रेनों की संख्या और बढ़ा दी जाएगी.. समीक्षा बैठक के दौरान रेल मंत्री ने कहा कि इस बार किसी को भी श्रद्धालु को सीट की परेसानी नहीं होने दी जाएगी. 2025 में शुरू होने वाले कुंभ में 6 मुख्य स्नान हैं. जिन पर ट्रेनों के चक्कर बढ़ाए जाएंगे...कुंभ मेले की समीक्षा बैठक के दौरान रेल मंत्री ने कंट्रोल ऑफिस का भी निरीक्षण किया. साथ ही उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को ट्रेन की आवाजाही की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. यही नहीं ट्रेनों के रखरखाव, साफ-सफाई और अन्य समस्याओं को भी सही रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया..

# चक्रवात बिपरजॉय से गुजरात में हुआ नुकसान

**नई दिल्ली।** असर सागर से उठा चक्रवाती तूफान बिपरजॉय गुरुवार देर रात गुजरात तट से कराया. उसके बाद राज्य के कई इलाकों में भारी लैंडफॉल देखने को मिला. इस चक्रवात ने गुजरात में जमकर तबाही मचाई, लेकिन राहत की बात ये रही कि इस दौरान किसी की जान नहीं गई. चक्रवात बिपरजॉय से सबसे ज्यादा नुकसान सौराष्ट्र, कच्छ और मोरबी जैसे तटवर्तीय इलाकों में हुआ है. जहां सैकड़ों पेट टूट कर गिर गए और बिजली के सैकड़ों खंभे धरासाई हो गए. हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजना पड़ा और तमाम ट्रेनों को रद्द करना पड़ा. सुरक्षा के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के अलावा वायु सेना, नौसेना को भी लगाया गया. जिससे आपदा के नुकसान को कम किया जा सके. चक्रवात बिपरजॉय के गुजरात तट से टकराने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के साथ टेलीफोन पर बातचीत की और बिपरजॉय और लैंडफॉल के बाद राज्य की स्थिति का जायजा लिया.

भारी बारिश के चले कच्छ और सौराष्ट्र में ज्यादातर इलाके पानी में डूब गए. सरकार का दावा है कि चक्रवात बिपरजॉय से राज्य में किसी की मौत नहीं हुई. हालांकि इससे 23 लोग घायल जरूर हुए हैं. चक्रवार बिपरजॉय से काफी आर्थिक नुकसान हुआ है. 140 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली हवाओं के चलते करीब 800 मड हाउस तबाह हो गए और बिजली व्यवस्था चरमरा गई है. सड़कों पर गिरे पेड़ों से यातायात अवरुद्ध हो गया. फिलहाल असल नुकसान का अंदाजा नहीं है. जब पानी घटेगा तब पूरे नुकसान का अंदाजा लगाया जा सकेगा.अधिकारियों के मुताबिक, चक्रवात बिपरजॉय के चलते राज्य बिजली उपयोगिता पश्चिम गुजरात विज कंपनी लिमिटेड



को 5,120 बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त होने के कारण व्यापक वित्तीय नुकसान हुआ है. पीटीआई के मुताबिक, इससे कम से कम राज्य के 4,600 गांवों की बिजली गुल हो गई. हालांकि रात तक 3,580 गांवों में फिर बिजली आपूर्ति बहार कर दी गई है. चक्रवात के चलते राज्य में कम से कम 600 पेड़ उखड़ गए हैं. साथ ही तीन राजमार्गों में टूट-फूट तथा पेड़ गिरने से यातायात बाधित हुआ है. इसके अलावा चक्रवाती तूफान से जुड़ी घटनाओं में करीब 23 लोग घायल हुए हैं और कई मकान भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं. पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित ठाकुर के मुताबिक, चक्रवात बिपरजॉय के चलते राज्य में 101 ट्रेनों को रद्द किया गया. जबकि 42 ट्रेनों को शॉर्ट-टर्मिनेट किया गया है. वहीं यात्रियों की सुरक्षा और चक्रवात बिपरजॉय की शुरुआत में 39 ट्रेनों को एहतियात शॉर्ट-ऑरजिनेट करना पड़ा. एनडीआरएफ के महानिदेशक अतुल करवाल के मुताबिक, राज्य में लगभग 1,000 गांवों में बिजली की समस्या का सामना करना पड़ रहा है. जिसमें अकेले 40 प्रतिशत अकेले कच्छ जिले के हैं. क्योंकि कच्छ जिले को ही सबसे ज्यादा चक्रवात की मार झेलनी पड़ी. गुजरात में आए इस चक्रवात से कई पालतू और जंगली जानवरों की मौत भी हुई है. हालांकि इसका अभी तक सटीक आंकड़ा प्राप्त नहीं हुआ है. उधर गिर के जंगल में एक खुले कुएं में गिरे शेर के दो शावकों को बचा लिया गया. गिर के पूर्वी डिवीजन में तैनात एक टीम ने दोनों शावकों को सफलतापूर्वक बाहर निकाल लिया. दरअसल, गुरुवार शाम बिपरजॉय लैंडफॉल के दौरान दोनों शावक अपनी मां से बिछड़ गए थे और उसके बाद दोनों खुले कुएं में गिर गए. सरकार ने गिर वन और कच्छ जिले में 200 से अधिक टीमों को तैनात किया था. मिली जानकारी के मुताबिक, द्वारका, जामनगर और कच्छ में 450 से ज्यादा पक्षियों की मौत हुई है. सड़कों पर भी कुछ पक्षी मृत पाए गए हैं. एक्सपर्ट्स का दावा है कि पिछले 60 साल में जून के महीने में गुजरात तट से टकराने वाला ये तीसरा तूफान है. विशेषज्ञों का कहना है कि आवृत्ति और तीव्रता में वृद्धि जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभाव का संकेत दे रही है. गुजरात के जखाऊ पोर्ट पर इस तूफान से भारी नुकसान हुआ है. स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां 522 बोट्स थीं जिनमें से 452 नष्ट हो गई हैं. नुकसान का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अकेले कच्छ में ही 33,000 हेक्टेयर कृषि भूमि प्रभावित हो गई है. बता दें कि चक्रवात के चले गुजरात के सभी बंदरगाहों को बंद कर दिया गया है. राज्य के 7 जिलों में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. जिससे व्यापार पर बुरा प्रभाव पड़ा है. गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के मुताबिक,  5000 करोड़ रुपये का कारोबार थम गया है. वहीं कच्छ में 5 लाख टन नमक के बारिश में बह जाने की खबर है.  बता दें कि मोरबी में एशिया का सबसे बड़ा सिरेमिक क?लस?टर बंद हो गया है. कांडला और मुंद्रा पोर्ट जाने वाले करीब 10,000 ट्रक रास?ते में इधर-उधर खड़े हुए हैं.

## रीठासाहिब से पंजाब लौट रही सिख तीर्थयात्रियों की बस पलटी, 40 घायल

**खटीमा।** चंपावत में सड़क हादसा हुआ है। यहां देर रात रोडवेज की बस पलट गई। हादसे में 40 यात्रियों के घायल होने की खबर है। बस में करीब 60 लोग सवार थे। चंपावत जिले में धौन के समीप हाईवे पर रोडवेज की बस का देर रात एक्सीडेंट हो गया। पुलिस प्रशासन ने रेस्क्यू अभियान चलाकर दुर्घटना में घायलों और अन्य यात्रियों को जिला मुख्यालय पहुंचाया। एक्सीडेंट की सूचना मिलते ही उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे। रोडवेज बस पलटने के कारण हुई दुर्घटना में अभी तक किसी की जान के नुकसान की सूचना नहीं है।

रविवार की रात को यात्रियों से भरी एक बस चंपावत-टनकपुर एनएच पर धौन के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस में 60 के करीब यात्री सवार थे। बस की दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने



स्थानीय लोगों के साथ मिलकर मौके पर राहत-बचाव कार्य शुरू किया। फिलहाल, किसी तरह की जनहानि होने की सूचना नहीं मिली है। एसपी देवेंद्र पींचा ने बताया कि पुलिस टीम समय पर मौके पर पहुंच चुकी थी। वे भी दुर्घटना स्थल पर पहुंच चुके थे। पुलिस द्वारा तत्काल राहत कार्य शुरू कर दिया गया। आपदा राहत की टीम भी तत्काल मौके पर पहुंची। बस में 50 से 60 यात्री सवार बताए जा रहे हैं। घायलों को जिला अस्पताल में इलाज हेतु भेजा गया है। घायलों के अलावा सुरक्षित यात्रियों को रैन बसेरा गोरलचौड़ में ठहराने की व्यवस्था की गई है। बताया जा रहा है कि बस में सवार लोग रीठा साहिब गुरुद्वारे से दर्शन कर लौट रहे थे। इस दौरान तीर्थयात्रियों से भरी बस का ब्रेक फेल हो गए। इस कारण कारण बस अनियंत्रित होकर चंपावत टनकपुर हाइवे पर पलट गई। बस पलटते ही उसमें सवार यात्रियों की चीख-पुकार मच गई। गनीमत रही कि बस खाई में नहीं गिरी। इस हादसे में तकरीबन 40 तीर्थयात्रियों को चोट आई है। घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। जिला अस्पताल की पूरी टीम द्वारा घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया। 6 मरीजी को गंभीर चोट आने से उनको हायर सेंटर रेफर किया गया। सीएमओ केके अग्रवाल ने बताया कि उनकी टीम द्वारा सभी मरीजों का उपचार किया गया।

### कोरबा में दुकान में लगी आग पहली मंजिल से कूदे लोग

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा की एक दुकान में लगी आग ने भीषण रूप ले लिया। इसके चलते पहली मंजिल में फंसे लोगों ने खिड़की से कूद कर अपनी जान बचाई। मिली जानकारी के अनुसार कोरबा के टोपी नगर में तीन मंजिला इमारत है। जिसमें स्थित एक कपड़े की दुकान में आग लगी और धीरे-धीरे वह आग कई दुकानों तक पहुंच गई। इस इमारत में बड़ी संख्या में लोग थे। आग लगने और धुआं फैलने से भगदड़ की स्थिति मच गई और किसी तरह लोगों ने पहली मंजिल से कूद कर अपनी जान बचाई। इसमें कई महिलाएं शामिल थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आग लगने के बाद राज्य विद्युत कंपनी, बालको नगर सेना की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। आग कैसे लगी, यह बात अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है।




### बहुजन समाज पार्टी ने दिया कलेक्टर को ज्ञापन

# मृतक के परिवार को 5 करोड़ की सहायता राशि और अनुकंपा नियुक्ति की मांग की

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-खबर शिवपुरी कलेक्ट परिसर से है जहां बहुजन समाज पार्टी द्वारा ज्ञापन दिया गया जिसमें आपको बता दें कि कुछ दिन पूर्व कोलारस क्षेत्र के मनीपुरा में एक क्रेन असंतुलित होकर डीपी सहित गिर गई जिसकी चपेट में काम कर रहे जेई नरोत्तम सिंह जाटव की मौके पर मौत हो गई और अन्य लोग घायल हो गए जिसमें आपको बता दें कि अभी तक शासन प्रशासन द्वारा कोई भी सहानुभूति मृतक के परिवार को नहीं मिली है जहां आज सोमवार को बहुजन समाज पार्टी के अध्यक्ष धनीराम चौधरी सहित समस्त बहुजन समाजपार्टी के सदस्यों के साथ मिलकर कलेक्टर को ज्ञापन दिया और अपनी मांग रखी। जिसमे सबसे पहली और महत्वपूर्ण मांग यह रखी की मृतक को शहीद का दर्जा दिया जाए और पत्नी को तत्काल अनुकंपा नियुक्ति दी जाए, साथ ही भरण पोषण के लिए शासन द्वारा 5 करोड़ रुपए की भी आर्थिक सहायता राशि दी जाए।



बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष धनीराम चौधरी ने बताया कि जिस क्रेन का इस्तेमाल डी पी हटाने मैं किया जसरह था उस क्रेन की छमता इतनी नही थी कि वह डीपी को उठा सके जब डीपी को उठाया गया तो क्रेन एक तरफ उठ गई जिसे पलटने से बचाने करलिये 10-15 लोगो ने उस ओर लटक कर उसे पलटने से रोक फिर भी उसी क्रेन से कार्य कराया गया जिसके कारण जे ई नरोत्तम जाटव की जान चली गई और एक हस्ते खेलते परिवार मैं मातम परस गया प्रशासन द्वारा इस पूरे मामले की जांच के आदेश दिए जाये और जिम्मेदार उप महाप्रबंधक एस. टी. सी. को निलंबित कर अपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए अगर मांग पूरी नहीं होती है तो बहुजन समाज पार्टी द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसमें संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# राजीव सिंह यादव ने नीट क्वालीफाई करके किया गांव का नाम रोशन

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**



शिवपुरी- शिवपुरी के वार्ड नम्बर 16 के ग्राम बड़ोदी गांव के रहने वाले राजीव सिंह यादव ने अपने प्रथम प्रयास में नीट 2023 परीक्षा मैं सफलता प्राप्त की उन्होंने 720 में से 572 अंक प्राप्त किए राजीव के पिताजी मुन्नी लाल यादव आर्मी में आर. एच .एम के पद पर इंजीनियर रेजीमेंट में अपनी सेवाएं दे रहे हैं राजीव ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरु माता पिता एवं परिवारजनों को दिया अधिक जानकारी देते हुए उनके बड़े भाई शिक्षक हेमंत यादव ने बताया कि राजीव की बचपन से ही चिकित्सा के क्षेत्र में रुचि थी और उनका मार्गदर्शन उनके भाई के द्वारा किया गया वह अपने भाई के छात्र भी रहे हैं. राजीव का मानना है कि उनके गांव के युवा विभिन्न क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर गांव का नाम रोशन करेंगे। सभी समाज के वरिष्ठ जनों एवं ग्राम वासियों के द्वारा उनकी सफलता पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## समाजसेवी आरती जैन द्वारा किया गया ठंडाई का वितरण

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**



शिवपुरी- समाजसेवा के कार्यों में अग्रसर रहने वाली समाजसेवी आरती जैन एवं रुचि मंगल द्वारा शहर की आदिवासी बस्ती लाल माटी शिवपुरी पर गर्मी से तड़पते लोगो को दूध की ठंडाई का वितरण किया गया जिसमे 100 से अधिक लोगो ने ठंडाई का आनंद लिया समाजसेवी आरती जैन ने कहा की इस भागम भाग भरी जिंदगी में कुछ पल मानव सेवा के लिए अर्पित करें कुछ दिनो पहले समाजसेवी आरती जैन ने सभी शहर के लोगो के सहयोग से आदिवासी बेटी रेशमा की शादी कराने का बीड़ा उठाया था उसके बाद एक वृद्ध मां जिनका कोई नही है पैरो से चल नहीं सकते उनके घर को सेमेंटेड बनाया एवं उनकी एक पलंग, पंखा एवं अन्य सामान भेंट किया ।

# खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा कचौरा शॉपिंग सेंटर स्थित पी.के.पनीर डेरी का किया गया औचक निरीक्षण

### फुटकर फल विक्रेताओं के फलों की जांच की गई

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** कलेक्टर मयंक अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत डी.ओ. खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने कार्यवाही करते हुए दमोह के कचौरा शॉपिंग सेंटर स्तिथ पी.के. पनीर डेरी का औचक निरीक्षण किया एवं उक्त डेरी से पनीर एवं खोवा के नमूनें जांच हेतु लिए। मौके पर डेरी संचालक को शुद्ध एवं सुरक्षित पनीर, खोवा का विक्रय करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान खाद्य परिसर में फूड लाइसेंस की प्रति एवं फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए। इन खाद्य पदार्थों के नमूनों को जांच हेतु भोपाल स्तिथ राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। मैजिक बॉक्स की सहायता से पनीर, खोवा एवं अन्य दुग्ध पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की गई है। इसी क्रम में दमोह शहर में फुटकर फल दुकानों का निरीक्षण करके आम, पपीता, अनार, केला एवं अन्य फलों की जांच की गई है। मौके पर 12 किलो सढ़े-गले फलों का विनष्टीकरण करवाया गया। सभी फल विक्रेताओं को अच्छी गुणवत्ता के फल, उपभोक्ताओं को विक्रय करने के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग दमोह की यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।



# भगवती मानव कल्याण संगठन कि राष्ट्रीय अध्यक्ष संध्या शुक्ला का ग्राम पिपरिया टिकरी में आगमन आज

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** भगवती मानव कल्याण संगठन पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम धाम के संयुक्त तत्वाधान में पूरे विश्व में धर्म रक्षार्थ मानवता के कल्याण जन जन के कल्याण के हितार्थ सभी जाति धर्म समुदाय के कल्याण हेतु परम पूज्य योगीराज शक्तिपुत्र के आदेश निर्देशन में 24 घंटे का जिला स्तरीय अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ दमोह जिले के सदर तहसील के बांदकपुर सेक्टर के ग्राम पिपरिया टिकरी में संपन्न होने जा रहा है जो 19 जून दोपहर 4:00 बजे प्रारंभ होकर के 20 जून 2023 को संपन्न होगा। इसी क?ी में 24 घंटे के चालीसा पाठ 5 घंटे के चालीसा पाठ 1 घंटे का आरती क्रम कराएं जा रहे हैं जिससे समाज में परिवर्तन डाला जा रहा है समाज को नशे मांस से मुक्त चरित्रवान छुआछूत जाति संप्रदाय मुक्त समाज का निर्माण किया जा जिससे समाज में परिवर्तन देखा जा रहा है और समापन में पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम धाम से चलकर के आएगी। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धाश्रम रत्न शक्ति स्वरूपा संध्या शुक्ला एवं भगवती मानव कल्याण संगठन के केंद्रीय मुख्य सचिव आशीष शुक्ला उर्फ राजू भैया का शुभ आगमन हो रहा है जिसमें सभी मां के भक्तों गुरु भाई बहन एवं सभी जाति धर्म समुदाय के लोगों के लिए सादर आमंत्रित किया जाता है कि आए और मां गुरुवर का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए अपने अपने जीवन में परिवर्तन करते हुए अपने आप को धन्य बनाएं। उक्त जानकारी ब्लॉक मीडिया प्रभारी आनंदी रजक द्वारा दी गई।



# प्रथम नियुक्ति दिनांक के साथ पुरानी पेशन बहाली के लिये वचनबध्द -विजय कुमार बन्धु

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** नीलकमल गार्डन दमोह में एन पी एस निजीकरण भारत छो?ो पेशन रथ यात्रा का हजारों अध्यापक शिक्षक कर्मचारियों द्वारा स्वागत किया गया, स्वागत उपरांत विशाल सभा आयोजित हुई जिसमें पुरानी पेशन बहाली संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु,प्रदेश अध्यक्ष परमानंद डेहरिया के अलावा अन्य पदाधिकारी पधारे।प्रांतीय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनोहर दुबे,शासकीय शिक्षक संगठन के प्रदेश संयोजक आरिफ अंजुम,प्रदेश उपाध्यक्ष अजेंन्द्र सिंह राजपूत,लिपिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह हजारी,कर्मचारी संयुक्त के अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी ,महबूब सिद्दकी,ब्रजेश शर्मा, बिष्णु शर्मा एवं पुरानी पेशन बहाली जिला अध्यक्ष अजय जैन के द्वारा मंचीय उधबोधन दिया गया, साथ ही




अतिथि जनों का स्वागत जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह, सुरेंद्र राय,देवेंद्र ठाकुर,डॉ मोहन आदर्श, खिलन सिंह, अशोक पाठक,धर्मेंद्र यादव,नीरज नायक,पवन खरे, डी सी बेन ,ब्लाक अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह राजपूत, भगवत सिंह, राजेश पाठक,रवि जैन,देवेंद्र मिश्रा,मुलायम सिंह,प्रह्लाद सिंह, सहित अजय सिंघई, निरन सिंह, ताहिर खान, किरण उपाध्याय, सीमा जैन,चारुलता ठाकुर,नूतन पटेरिया, संगीता सिंह, सावित्री ठाकुर, राधा तिवारी, राकेश उपाध्याय,रामू शुक्ला,कृष्ण कुमार तिवारी,रतन सिंह, श्यामसुंदर प्यासी,प्रीतम गोस्वामी, आनंद पटेल,पी एल अहिरवार, राममिलन उपाध्याय,नवनीत स्वामी,विपिन तिवारी, धीरेंद्र दुबे, कामता तंतवाय,रवि पाठक,अतिथि जनों का स्वागत करने के उपरांत प्रदेश अध्यक्ष डेहरिया ने म प्र में नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता बहाली के साथ पुरानी पेशन बहाली होना चाहिये एवं उन्होंने अपने उदबोधन में अंतिम सांस तक वरिष्ठता की ल?ाई ल?ते रहेंगे कि बात रखी।इसके उपरांत राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बन्धु जी ने कहा कि म प्र में नियुक्ति दिनांक से बरिष्ठता के साथ पुरानी पेंशन बहाली कराने वचनबद्ध हैं और जब भी सरकार से बात होगी तो बरिष्ठता की बात होगी,फिर पेशन बहाली की।

# बदलाव संस्था ने चलाया आपदा प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम

पोहरी। पोहरी बदलाव समाज कल्याण एवं परिवार कल्याण समिति पोहरी ने आपदा प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम पोहरी जनपद पंचायत के हर गांव में चलाया जायेगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य की किन्ही परिस्थिति में आपदा आने पर इसका प्रबंधन कर सकें इसके लिए संस्था द्वारा पूर्व ब्लाक के गांव में जागरूकता कार्यक्रम चला गया है। जिसकी शुरुआत आज उपसिल ग्राम से की गई। आपदा प्रबंधन क्यों जरूरी है हम अभी कुछ सालों से देख रहे हैं कि पर्यावरण का संतुलन हो रहा है पिछले साल किस तरह की बाढ़ है आप 10 लोगों के सामने आई एन बाढ़ आपदा से कैसे निपटा जाए इसके लिए लोगों को जागरूक करने के लिए समुदाय के साथ बैठकर एवं रैली निकाली जा रही है जिससे वह अपने गांव में इस तरह की समस्या आने पर उसका सामना कर सके। बदलाव संस्था के परियोजना समन्वयक राजेंद्र यादव ने बताया गया कि पर्यावरण के असंतुलन होने से लोगों में समस्या उत्पन्न हो रही है। इसके लिए हमें पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए इस पर काम करने की जरूरत है। बदलाव संस्था के अध्यक्ष शंकरलाल गुप्ता ने बताया गया कि हम इस अभियान को पोहरी ब्लॉक के अधिक से अधिक गांव में लेकर जाएंगे जिससे पर्यावरण एवं आपदा को लोग समझ सके और उससे निपटने के लिए अपनी स्वयं की तैयारी कर सकें। आज के कार्यक्रम कि शुरूआत उपसिल से की गयी इस कार्यक्रम 50 से अधिक लोगों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया तथा कार्यक्रम की शुरुआत हेमंत द्वारा की गई हेमंत ने बताया गया कि यह कार्यक्रम हम सबके लिए बहुत ही महत्वपूर्ण ह



# तीन शातिर बदमाश चढ़े पुलिस के हत्थे

**एटा** – लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन शातिर बदमाश चढ़े कोतवाली नगर पुलिस के हत्थे, पूछताछ में भैंस चोरी की कई घटनाओं का भी किया इकबाल, लूटा गया मोबाइल फोन, भैंस चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त रस्सी, डण्डा तथा हंसिया बरामद।

**घटना का विवरण:** दिनांक 09.06.2023 को वादी श्री अमित कुमार चैहान पुत्र मुनेन्द्र सिह ग्राम दीपपुर थाना सहावर जिला कासगंज हाल निवासी चैचा वनगाँव निधौली रोड सैन्ट पोल स्कूल के पास कोतवाली नगर एटा द्वारा थाना कोतवाली नगर पर इस आशय की सूचना दी गई कि दिनांक 09.06.2023 को रेलवे ओवर ब्रिज पर मोर्निंग वाक करते समय मैक्स पिकअप में सवार चार अज्ञात युवक रास्ता पूछने का बहाना बनाकर तमंचे के बल पर उनसे उनका मोबाइल (सैमसंग ए-21) छीन कर भाग गए हैं। इस सम्बंध में थाना कोतवाली नगर पर मुअसं- 422/2023 धारा 394 भादवि पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तारी का विवरण:** दिनांक 19.06.2023 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा समय करीब रात्रि 02.50 बजे ग्राम शीतलपुर के पास चेकिंग के दौरान मुकदमा उपरोक्त में मोबाइल लूट की घटना को अंजाम देने वाले तीन शातिर अभियुक्तों को एक और आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बनाते समय गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों की जामातलाशी में लूटा गया सैमसंग मोबाइल, भैंस चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त रस्सी, एक नुकीला डण्डा तथा हंसिया बरामद किया गया है। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा अपने अन्य फरार साथियों के साथ जनपद में भैंस चोरी की कई घटनाओं का जुर्म भी स्वीकार किया गया है। अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर पर मुअसं- 451/23 धारा 398, 401 भादवि पंजीकृत कर अन्य फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर थानास्तर से सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं।



**महत्वपूर्ण बिन्दु** - 1. अभियुक्तों का एक सक्रिय संगठित गिरोह है जो लूट तथा पशु चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम देते हैं। 2. गिरोह का मुखिया छोटेलाल यादव पुत्र सतेन्द्र यादव निवासी अशोक नगर थाना कोतवाली कासगंज है जिसके द्वारा अपराध से अर्जित संपत्ति से एक पिकअप गाड़ी यूपी 87 टी 7518 खरीदी गई है जिससे इन सभी द्वारा पशु चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जाता है, घटनाओं को अंजाम देते समय छोटेलाल द्वारा ही गाड़ी को चलाया जाता है। 3. सभी अभियुक्त घटनाओं में प्रयुक्त मैक्स पिकअप से आते हैं फिर भैंस चोरी की घटनाओं को अंजाम देने से पूर्व उनमें से एक सदस्य को गॉव में उतार दिया जाता है, जो गॉव भर में घूम कर रैकी करता है। 4. रैकी कर जो भी भैंस उसे आसानी से खोलने के लिए मिल जाती है उसे खूंटे से खोलकर वह किसी अन्य निर्जन स्थान पर बॉध देता है, जब दो-तीन भैंस इकट्ठी हो जाती हैं तो फिर उस सदस्य द्वारा फोन कर अपने अन्य साथियों को उस स्थान पर गाड़ी सहित बुला लिया जाता है। 5. गाड़ी के उस स्थान पर पहुॅचने के बाद बरामद नुकीले डण्डे से उन भैंसों के पीछे चुभोकर उन्हें गाड़ी में चड़ा लिया जाता है तथा बरामद रस्सियों से उन भैंसों के पैरों को बॉधकर उन्हें गाड़ी में भर डाल देते हैं। 6. अभियुक्तों द्वारा लूटे गए मोबाइल फोन से ही घटना के समय अपने साथियों से संपर्क किया जाता है, जिससे वे पुलिस की गिरफ्त से बचे रहें। दिनांक 09.06.2023 को भी अभियुक्तों द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के रेलवे ओवर ब्रिज पर बरामद डण्डे से चोट पहुॅचाकर इसी बाबत मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। 7. उक्त गाड़ी में नंबर प्लेट बदल-बदल कर अभियुक्तों द्वारा घटनाओं को अंजाम दिया जाता है। 8. दिनांक 02.06.2023 की रात्रि में समय करीब 03.00 बजे अभियुक्तगण द्वारा ग्राम नावली थाना अवागढ़ में एक भैंस चोरी की घटना को अंजाम दिया गया जिसमें पिकअप गाड़ी पर नंबर प्लेट सं- यूपी 74 टी 1095 का प्रयोग किया गया था जो मौके पर टूट कर गिर गई थी। 9. दिनांक 05.06.2023 तथा 12.06.2023 को भी उक्त अभियुक्तों द्वारा क्रमशः ग्राम अमरगोजिया तथा ग्राम कमसान से एक-एक भैंस कुल दो भैंसे चोरी की गई थीं। इन सभी भैंस चोरी की घटनाओं का अभियुक्तों द्वारा अपने फरार साथियों के साथ मिलकर अंजाम देने की बात स्वीकार की गई है। 10. लूटा गया मोबाइल अभियुक्त फिरोज से बरामद किया गया है जो लूट की घटना में वॉछित सिकंदर का भांजा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नामपता** - 1. रफीक पुत्र अहमद निवासी नदरई थाना कासगंज जनपद कासगंज (उम्र करीब 32 वर्ष) 2. सुभान पुत्र पप्पू निवासी नदरई थाना कासगंज जनपद कासगंज (उम्र करीब 20 वर्ष) 3. फिरोज पुत्र सलीम उर्फ शरीफ निवासी डेरा बंजारा नगला सुम्मेर थाना कुरावली, मैनपुरी (उम्र करीब 21 वर्ष)

**फरार अभियुक्तों का नामपता** - 1. छोटेलाल पुत्र सतेन्द्र यादव निवासी अशोक नगर थाना कोतवाली कासगंज, कासगंज 2. सिकन्दर पुत्र राजू निवासी डेरा बंजारा नगला सुम्मेर थाना कुरावली, मैनपुरी

**बरामदगी** - 1. एक अदद लोहे की हंसिया व एक छोटा नुकीला डण्डा व 04 रस्सी के टुकड़े 2. एक मोवाइल सैमसंग कम्पनी मुअसं- 422/23 धारा 394 भादवि


**गिरफ्तार अभियुक्त रफीक पुत्र अहमद का आपराधिक इतिहास** - 1. मुअसं- 24/16 धारा 394, 411 भादवि थाना अकरावाद जनपद अलीगढ 2. मुअसं- 176/20 धारा 394, 411 भादवि थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ 3. मुअसं- 644/16 धारा 394, 411 भादवि थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ 4. मुअसं- 688/19 धारा 379, 411 भादवि थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ 5. मुअसं- 1081/22 धारा 379, 411 भादवि थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ 6. मुअसं- 1102/22 धारा 379, 411 भादवि थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ 7. मुअसं- 259/20 धारा 379, 411 भादवि थाना गभाना जनपद अलीगढ 8. मुअसं- 06/21 धारा 307 भादवि थाना गाँधीपार्क जनपद अलीगढ

# सुमेरपुर में योग दिवस पर सांसद खेल महाकुम्भ : सांसद चौधरी

## सांसद खेल महाकुम्भ के तहत दौड़ सहित योग एवं विभिन्न खेलों का होगा आयोजन

**पुष्पाजंली टुडे**

पालीः आगामी योग दिवस यानि 21 जून को सुमेरपुर में सांसद खेल महाकुम्भ का आयोजन होगा। इस



आयोजन में मिनी मैराथन, योग और अन्य खेल आयोजित किए जाएंगे। इसमें सुमेरपुर नगरपालिका क्षेत्र से जुड़ी करीबन 20 सरकारी और निजी विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 तक 4 हजार से अधिक विद्यार्थी एवं अन्य क्षेत्रीय खिलाडी हिस्सा लेंगे। यह जानकारी खेल महाकुम्भ को आयोजित करने वाले पाली सांसद और पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री पीपी चौधरी ने दी। सांसद ने बताया कि सांसद खेल महाकुम्भ का आयोजन प्रधानमंत्री मोदी जी के प्रेराणा से ना केवल पाली लोकसभा क्षेत्र बल्कि देशभर में सांसद अपने-अपने संसदीय क्षेत्र में कर रहे हैं। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में खेलों के प्रति रूचि बढ़ाने के साथ ही ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को उभारना हैं। सांसद चौधरी ने बताया कि 21 जून को योग दिवस है। ऐसे में सांसद खेल



महाकुम्भ का विशेष आयोजन सुमेरपुर होगा। प्रतिभागियों को निशुल्क टीशर्ट का वितरण उनकी ओर से होगा। 20 जून प्रातः 11 बजे जवाई बाँध रोड स्थित पित्ती फर्म हाउस पर सांसद स्वयं सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं संस्था प्रधानों की बैठक लेंगे। उसी दिन उन्हें टी-शर्ट वितरित किए जाएंगे। अगले दिन 21जून की सुबह सभी प्रतिभागी अपने-अपने विद्यालय से टीशर्ट प्राप्त कर साथी खिलाडियों एवं स्कूली स्टॉफ के साथ आयोजन में हिस्सा लेंगे। मिनी मैराथन करीबन 6ः30 बजे साईं बाबा मंदिर से शिक्षा क्रांति मंच तक आयोजित होंगी। इसके बाद इसी स्थल पर योगा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। योग समापन के बाद विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाएगा। विजेताओं को मोमेंटो भी सांसद चौधरी की ओर से ही दिए जाएंगे।

## कृष्णा गार्डन खरगोन जेतापुर परिसर पर प्रशासन ने रखी गई पत्रकार कार्यशाला पहुंचे कलेक्टर

**खरगोन जिले से प्राइम संदेश**



खरगोन जिला मुख्यालय पर स्थित जेतापुर कृष्णा गार्डन में खरगोन जिला प्रशासन ने पत्रकार कार्यशाला आयोजित किया गया सभी पत्रकार साथी शामील हुए जिला प्रशासन खरगोन जिला कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा एसडीएम ओमनारायण सिंह जनसंपर्क अधिकारी पुष्पेन्द्र वास्कले उपस्थित रहे सबसे पहले कलेक्टर के द्वारा कार्यशाला में मां स्वरसती की दिप जलाकर पुष्प मालाएं पहनाकर दिप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की कलेक्टर ने पत्रकारों से विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए कहा की मुख्यमंत्री जनसेवा के माध्यम से ?काफी मात्रा में जनता का काम हुआ जैसे जाति प्रमाण पत्र निवासी प्रमाण पत्र ऐसी कई योजनाएं के काम मुख्यमंत्री जनसेवा के माध्यम से कराया गया जनता का काम भी हुआ काफी समस्या को लेकर पत्रकारों द्वारा कलेक्टर से माइक के माध्यम से चर्चा की कलेक्टर ने बताया की शासन की योजनाओं का प्रसारण मिडिया के द्वारा अच्छे से किया जा रहा है कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा ने बताया की शासन द्वारा भुमि स्वामित्व गरीबों को दिया गया जो अपना पट्टा रखकर कर्ज लोन भी ले सकता है जरूरत होने पर ऐसी कई योजनाएं पर कलेक्टर ने बताया गया।

# मेहगांव विधानसभा में आम आदमी पार्टी की धमक से विपक्षी पार्टियों में घबराहट बढ़ी



**संतोष भदौरिया संवाददाता**
**पुष्पांजली टुडे**

मेहगांव। आम आदमी पार्टी की ब्लॉक स्तर की मीटिंग सेंथरी, सोंधा और खेरिया आदि गांवों में संपन्न हुई ,जिसमें पंजाब प्रदेश के सेक्रेटरी और मेहगांव विधानसभा के प्रभारी श्री गुरु चरण सिंह कपूर जी के साथ साथ प्रदेश सचिव सत्येंद्र सिंह भदोरिया लवली भैया मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे,मीटिंग का उद्देश्य 1 जुलाई को ग्वालियर में होने जा रही महारैली में दिल्ली के मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल जी और पंजाब के मुख्यमंत्री श्री भागवत मान जी ग्वालियर चंबल संभाग की जनता को संबोधित करेंगे और आगामी मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव की आगाज़ करेंगे। प्रभारी जी ने पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया और महारैली को सफल बनाने हेतु जनता से अपील कर बताया कि मेहगांव विधानसभा से कम से



कम 5000 आदमी बसों और कारों से महारैली में उपस्थित होंगे। आम आदमी पार्टी की लगातार हो रही बैठकों से विपक्षी दलों में घबराहट शुरू हो गई जिससे पार्टियों और प्रत्याशियों के समीकरण बिगड़ना स्वाभाविक है। मीटिंग में मुख्य रूप से सर्कल इंचार्ज अशोक नरवरिया ,राजू तोमर ,देव भदोरिया,राजू भदोरिया, मानशुक सिंह ,पप्पू भदोरिया, भीकम सिंह,अरहान जयनारायण, सतेंद्र जादौन, कल्याण सिंह ,तिलक तिलक सिंह,रामकुमार शर्मा, मंगल भदोरिया, राजू ,पवन सिंह गिर्राज सिंह , रिशव सिंह ओमप्रकाश सिंह बघेल के साथ साथ सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## 21 जून को योग दिवस पर राज्यसभा सांसद गीता शाक्य होंगी शामिल

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की भारतीय जनता पार्टी की सरकार को नव वर्ष की उपलब्धियां के साथ देशभर में चलाए जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसकी तैयारियों को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने कार्यक्रम स्थल मेला परिषद का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। श्री नरवरिया ने महाजनसंपर्क अभियान के तहत 21 जून को पत्रकार वार्ता 1ः 30 बजे आयोजित की जाएगी,किसी दिन विकास तीर्थ के आयोजनों के लिए भिंड रेलवे स्टेशन को अमृत योजना के तहत शामिल किया गया है यह समय अनेक विकास कार्य किए गए वही 552 एनएच रोड रोड, गौरी सरोवर पर स्थित पुल निर्माण एवं ओवर ब्रिज स्टेशन का विद्युतीकरण मेमू ट्रेन, वार्ड क्रमांक 35 प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से रतूपुरा पहुंचकर कार्यक्रम में शामिल होंगी 21 जून को योग दिवस पर राज्यसभा सांसद गीता शाक्य शहर के मेला परिषद निराला रंग बिहार क्या बजे मेला सुबह 5ः 30 बजे पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ योगा कार्यक्रम में भाग लेंगे। उसके बाद महा जनसंपर्क अभियान के तहत 11 संपर्क अभियान में शामिल होंगी। 5 बजे शाम को रेलवे विद्युतीकरण का अवलोकन करेंगी रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। राज्यसभा सांसद गीता शाक्य अपने निर्धारित महा जनसंपर्क अभियान के तहत 20 जून को रात्रि भिण्ड आएंगी। उनके साथ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य क्षेत्रीय सांसद संध्या राय, एवं महा जनसंपर्क अभियान के लोकसभा प्रभारी जीतू जिराती मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष महा जनसंपर्क अभियान के लोकसभा क्लस्टर प्रभारी शैलेंद्र बरुआ क्लस्टर प्रभारी,भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया दतिया जिला अध्यक्ष सुरेंद्र बुधौलिया विधायक संजीव सिंह संजू ,भिण्ड लोकसभा प्रभारी रवि सेन जैन साथ रहेंगे। श्री नरवरिया ने योग दिवस पर कार्यक्रम की तैयारियां हेतु बताया कि सभी गणमान्य नागरिक एवं पार्टी के कार्यकर्ता सुबह 21 जून को मेला परिषद में सुबह 5ः 30 बजे पहुंचकर अपना स्थान प्राप्त करें ताकि समय से योगा का कार्यक्रम प्रारंभ किया जा सके।

# तूफान ने नमक के अनुमानित पांच लाख टन नमक को धो डाला

## नमक उत्पादकों को 1998 के बाद सबसे बड़ा झटका

**पुष्पाजंली टुडे**

गांधीधाम ःकच्छ सहित जिलों में चक्रवात बिपरजोय के खिलाफ व्यापक सतर्कता उपायों के कारण जनहानि तो रुकी है लेकिन व्यवसायों और उद्योगपतियों को होने वाली आर्थिक क्षति हजारों करोड़ तक पहुंचने की संभावना है। यह दावा किया जाता है कि कच्छ जिले के नमक उत्पादक, जो देश के कुल नमक उत्पादन का 60 प्रतिशत हिस्सा है, लगभग पांच लाख टन नमक धो चुके हैं और नमक उद्योग को कुल नुकसान 500 करोड़ से अधिक बताया जा रहा है। इंडियन सॉल्ट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष शामजीभाई कांगड़ ने चक्रवात से जिले के नमक उत्पादकों को 500 करोड़ रुपये का अनुमानित नुकसान बताते हुए कहा कि चक्रवात ने हर जगह अपनी ताकत दिखाई है. चक्रवाती तूफान के पूर्वानुमान



के बाद सतर्कता के उपाय भी किए गए। हालांकि अलग क्षेत्र को व्यापक नुकसान हुआ है। चक्रवात के कारण नमक उत्पादकों का अनुमानित पांच लाख टन नमक बह गया है, और उद्योग में शामिल लोगों द्वारा अनुमानित कुल 500 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान होने की संभावना है। इससे पहले भी वर्ष 1998 में नमक उद्योग को भारी नुकसान हुआ था और उसके बाद जिले के भद्रेश्वर से सूरजबाड़ी, शिकारपुर तक का क्षेत्र अब तक बिपरजोय की चपेट में आ गए है । बताया जा रहा है कि समुद्र तट के आसपास जितनी भी फैक्ट्री ओर कारखाने थे उनकी छत के पत्रे उड गये । हवा इतनी तेज थी की पेट्रोल पंप के पत्रे भी उखड गये ।तेज हवाओ की वजह से काफी दुकानों को भी नुकसान पहुचा है।



# सभी विभाग शिकायतों का समय सीमा में निराकरण करें : कलेक्टर

## समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित की गयी। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत मनोज कुमार सरियाम, एसडीएम भिण्ड अटेर उदय सिंह सिकरवार, एसडीएम गोहद शुभम शर्मा, एसडीएम मेहगांव वरूण अवस्थी, एसडीएम लहार नवनीत कुमार शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने बैठक में सीएम हेल्पलाइन की विभागवार विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देशित किया की सभी विभाग लंबित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण समय-सीमा में करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने 10 मई से 31 मई तक चलाए गए जनसेवा अभियान को सफलता पूर्वक संपन्न कराने और अच्छा प्रदर्शन करने पर सभी विभागों को बधाई दी। उन्होंने सामान्य निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण गतिविधियों के संबंध में चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बारिश के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए बाढ़ आपदा प्रबंधन के संबंध चर्चा कर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना, जल जीवन मिशन,अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, सामान्य निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण गतिविधियां सहित अन्य समय सीमा संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की।

# सिटी पुलिस ने 11 जुआरियों को जुआ खेलते पकड़कर 28,400 रुपये व एक ताश गड्डी जप्त की

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे एवं नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री निशा रेड्डी के निर्देशन मे जुआ सट्टा खेलने वालो के विरुद्ध अभियान के दौरान थाना प्रभारी थाना सिटी कोतवाली भिण्ड निरीक्षक शिव सिंह यादव व उनकी टीम द्वारा कार्यवाही की गई। 18/06/23 को मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि पेच नम्बर 01 मे कुछ लोग रुपये पैसों से हार जीत का दाब लगाकर ताश पत्तो से जुआ खेल रहे है मुखबिर की सूचना पर यकीन करते हुए मुखबिर के बताये स्थान पर पहुचकर छिपकर देखा तो कुछ लोग घेरा बनाकर जुआ खेल रहे थे जिन्हें घेर का पकडा कुल 11 लोग जुआ खेल रहे थे जिनके कब्जे से 28 हजार 4 सौ रुपये नगद व एक 52 ताश के पत्तों की गड्डी जप्त की गई तथा 11 लोगो के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। उल्लेखनीय कार्य में निरीक्षक शिव सिंह यादव, उपनिरीक्षक अतुल भदौरिया, देवीदीन अनुरागी ,प्रधान आरक्षक दिलीप सविता, सतेन्द्र सिंह, जितेन्द्र यादव, रमाकांत शर्मा,आरक्षकों में बादल,रवि जादौन,दीपक राजावत, अभिषेक, अमन प्रताप सिंह,धर्मेन्द्र सिंह,अनिल बघेल सराहनीय भूमिका रही।

# पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को किया जा रहा है जागरूक

## मैं हूं अभिमन्यु जागरूकता अभियान

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के मार्गदर्शन में दिनांक 12/06/2023 से 19/06/2023 तक के लिए महिलाओं एवं बच्चो के विरुद्ध होने वाले अपराधो के संबंध में जागरूकता,महिलाओं को सुरक्षित एव पूर्वाग्रह मुक्त सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराने में पुरुषो का सहयोग सुनिश्चित करने हेतु शुरू हुए विशेष जागरूकता अभियान ÷ मैं हूं अभिमन्यु÷ का शुभारंभ जिला भिंड में किया गया । दिनांक19/06/2023 अभियान के अंतिम दिन हाउसिंग कॉलोनी (कोचिंग हब) जिला भिंड में उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा शाखा भिंड श्रीमती पूनम थापा शर्मा के नेतृत्व में इंसानियत ग्रुप द्वारा नारी सशक्तीकरण विषय पर नृत्य की प्रस्तुती की गई, नृत्य के दौरान भ्रूण हत्या,दहेज प्रथा, जैसी सामाजिक बुराइओ से लोगो में समझाइश दी गई ,बालक बालिकाओं एवम घूमने आए लोगो को महिला संबंधी अपराधो,घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या जैसे अपराधो एवं ऐसे अपराधो की रोकथाम हेतु बने कानूनों के बारे समझाया,साथ ही उपस्थित बालक बालिकाओं उनके परिजनों को जेंडर सेंस्टाइजेशन के संबंध में समझाया। महिला हेल्पलाइन नंबर




1090 डायल 100 चाइल्ड लाइन नम्बर 1098 आदि का प्रचार प्रसार किया,एव समस्त उपस्थित लोगों को अभिमन्यु अभियान के अंतर्गत शपथ दिलवाई गई,साथ ही अभियान के दौरान जारी किए गए स्टिकर्स, पोस्टर्स,वितरित किए गए उनको सार्वजनिक स्थानों पर चिपकाए गए, एवं सभी को आसपास घटित होने वाले अपराधो के बारे तत्काल पुलिस को सूचना देने को कहा गया। अभिमन्यु का शेल्फी कटआऊट प्वाइंट लगाया गया,अभिमन्यु अभियान के बारे में जानकारी दी गई , समस्त करवाही में महिला सुरक्षा शाखा का स्टाफ,महिला थाना का स्टाफ, निर्भया मोबाइल टीम साथ रही।

## हनुमान चालीसा का पाठ कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व सांसद राहुल गांधी के सोमवार को 53 वें जन्मदिन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ तथा पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया। भिण्ड के किला परिसर में स्थापित प्राचीन श्री गोपाल कृष्ण मंदिर में कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष संदीप मिश्रा के नेतृत्व में कांग्रेसजनो के द्वारा भजन कीर्तन के साथ ही हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। सेवादल जिलाध्यक्ष संदीप मिश्रा ने बताया राहुल गांधी आज 52 साल के हो गए और इसलिए समस्त एकत्रित कांग्रेसियों द्वारा सामूहिक 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घ आयु और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना हेतु किया गया,हम सभी कार्यकर्ता राहुल गांधी की उज्ज्वल भविष्य कामना के साथ साथ देश में अमन चैन हेतु भी प्रभु श्री राम जी,और श्री हनुमान जी महाराज से प्रार्थना की है। इस अवसर पर कांग्रेस प्रवक्ता अनिल भारद्वाज ने पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को कांग्रेस और देश का भविष्य बताया है। उन्होंने कहा राहुल गांधी हमारे नेता हैं वह कांग्रेस का भविष्य है। उनके नेतृत्व में कांग्रेस और मजबूत होगी। हनुमान चालीसा पाठ के अवसर पर अशोक गुप्ता,विजय गोयल,दीपक दीपू दुबे,पंकज त्रिपाठी,अरविंद सोनी, राजेश शर्मा,बबलू,शिवम सैंथिया, आयुष मिश्रा,विवेक जमौर,धीरज पाठक,राम लला राजावत,सुरेन्द्र शर्मा,राजीव शर्मा आदि उपस्थित रहे।

सम्पादक की कलम से

# तूफान से दीए की लड़ाई

15 जून का दिन पिछले डेढ़ महीनों से आंदोलन कर रहे पहलवानों के लिए महत्वपूर्ण था। इसी तारीख को दिल्ली पुलिस को यौन शोषण के आरोपी भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल करना था। दिल्ली पुलिस ने ऐसा किया भी। राउज़ एवेन्यू कोर्ट में आरोपपत्र दिल्ली पुलिस ने फ़ाइल किया, जिसमें आईपीसी की धारा 354 (महिला का शील भंग करने के इरादे से उस पर हमला), 354-ए (यौन टिप्पणी) और 354 डी (महिला का पीछा करना) जैसी धाराएं आरोपी पर लगाई गई है। इसके साथ ही दिल्ली पुलिस ने पटियाला हाउस कोर्ट में पॉक्सो प्रकरण रद्द करने की सिफ़ारिश वाली रिपोर्ट दाखिल की है जिस पर कोर्ट विचार करेगा। दिल्ली पुलिस के मुताबिक पॉक्सो एक्ट रद्द करने की सिफ़ारिश नाबालिग और उनके पिता के बयान के आधार पर की गई है। दिल्ली पुलिस ने कहा है कि गहन जांच के बाद नाबालिग के आरोपों पर %कोई पुख़्ता सबूत' नहीं मिले हैं। यानी एक तरह से दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण शरण सिंह को क्लीन चिट दे दी है। इसमें कुछ आश्चर्य भी नहीं है। जब बृजभूषण शरण सिंह पर एफआईआर दर्ज करने में पुलिस जरूरत से अधिक वक्त ले सकती है, तो उसके खिलाफ मजबूत सबूत न होने की बात भी कह सकती है। दिल्ली पुलिस ने तो यौन प्रताड़ना की शिकायत करने वाली महिलाओं से फोटो, वीडियो जैसे साक्ष्य देने की मांग भी की थी। ऐसी गजब की तफ्तीश देखकर हैरानी होती है। मानो महिलाओं, बच्चियों को पहले से पता होता है कि उनके साथ गलत होने वाला है और वे अपने साथ स्टिंग ऑपरेशन का सारा इंतजाम लेकर चलें। सीधे-सीधे हाथ में कैमरा रहेगा तो कोई भी किसी महिला से बदतमीजी क्यों करेगा। बदसलूकी, अनाचार तो अक्सर तभी होता है जब पीड़िता असहाय अवस्था में हो और उसकी मजबूरी का फायदा उठाया जाए। इसलिए छिपे हुए कैमरा से स्टिंग आपरेशन तो दूर की बात, कोई पीड़िता अपने साथ हुई यौन प्रताड़ना को बयां करने की हिम्मत भी मुश्किल से जुटा पाती है। लेकिन दिल्ली पुलिस उनसे ऐसी घटनाओं के साक्ष्य मांग रही है। बहरहाल, राउज़ एवेन्यू कोर्ट में अब मामले में सुनवाई की अगली तारीख़ 22 जून तय की गई है और पटियाला हाउस कोर्ट में इस मामले की अगली सुनवाई चार जुलाई को होगी। इन सुनवाइयों का क्या नतीजा निकलता है, ये तो बाद में पता चलेगा, फिलहाल आरोपपत्र दाखिल होने के बाद बृजभूषण शरण सिंह के वकील एपी सिंह ने उनका पक्ष रखते हुए कहा है कि वे पूरी तरह से बेकसूर हैं और उन्हें राजनीतिक साज़िश में फंसाया जा रहा है। इस बात का यही अर्थ निकलता है कि जिन पहलवानों को कुछ महीनों पहले तक स्टार खिलाड़ी, देश की शान, गौरव बढ़ाने वाली बेटियां कहा जा रहा था, अब उन्हें राजनैतिक विरोधी माना जा रहा है। उनके आरोपों की निष्पक्ष जांच के बिना ही आरोपी की ओर से बेकसूर होने का दावा किया जा रहा है। आरोपी के वकील का कहना है कि हमें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है।

# मणिपुर में राष्ट्रपति शासन क्यों नहीं



मणिपुर में हिंसा का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है ।राज्य में अभी भी मैतेई और कुकी जनजाति के बीच जातीय हिंसा जारी है ।अब तक 100 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं, लेकिन राज्य की डबल इंजन सरकार हिंसा रोकने में पूरी तरह नाकाम हुई है। ऐसे में क्या जरूरी नहीं है कि मणिपुर में तत्काल प्रभाव से राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए ?

मणिपुर में हिंसा को भड़के डेढ़ माह से ज्यादा का समय हो चुका है । देश के गृह मंत्री अमितशाह से लेकर राज्य सरकार के साथ पूरी केंद्र सरकार हिंसा को रोकने में लगी है लेकिन कामयाबी नहीं मिली है। लेकिन ये पहली बार हो रहा है की नाकाम साबित हो चुकी राज्य सरकार को हटाने में केंद्र सरकार संकोच कर रही है ,क्योंकि मणिपुर की सत्ता में वो खुद भागीदार है।

केंद्र और राज्य संबंधों की धज्जियां उड़ाने के लिए बीते 9 साल में एक से बढ़कर एक दुस्साहसिक कदम उठाने वाली केंद्र सरकार को मणिपुर में प्रभावी कार्रवाई करने के लिए वहां राष्ट्रपति शासन लागू करने में आखिर हिचक क्यों है । ? राज्य की हिंसा पर हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी न तो अब तक एक शब्द बोले हैं और न ही उन्होंने राज्य का दौरा करने की जहमत उठाई है । और तो और वे जलते,धधकते मणिपुर को छोड़ चार दिन बाद स्टेट डिनर लेने अमेरिका रवाना होने वाले हैं।

आपको याद होगा कि जम्मू-कश्मीर से राज्य का दर्जा छीनने ,उसके तीन टुकड़े करने ,बंगाल और दिल्ली में राज्य सरकारों को कामकाज करने से रोकने के लिए राज्यपाल का दुरूपयोग करने वाली केंद्र की सरकार मणिपुर को लेकर ऐसे दिखाई दे रही है जैसे उसे सांप सूंघ गया हो। हिंसा सांप जैसी ही है । आज मणिपुर में फ़ैल रही हिंसा को यदि न रोका गया तो कल दूसरे सीमावर्ती राज्यों में फ़ैल सकती है ,क्योंकि असनतोष तो पूरे सीमावर्ती राज्यों में है । मणिपुर की हिंसा को लेकर सत्तारूढ़ दल तो अलग विपक्ष ने भी अब तक सरकार पर कोई दबाब नहीं बनाया है । न राज्य की स्थिति का अध्ययन करने के लिए कोई संसदीय दल बनाया गया है और न किसी ने इसकी मांग की है । समूचा विपक्ष भाजपा के खिलाफ चुनावी गठबंधन करने में लगा है । मणिपुर की फ़िक्र विपक्ष को भी नहीं है । यदि होती तो विपक्ष तमाम मुद्दों को भूलकर मणिपुर की हिंसा पर बात न करता ? क्या मणिपुर भारत का हिस्सा नहीं है ? क्या मणिपुर के मुद्दे से जिस तरह से निबटा जा रहा है वो पर्याप्त है ? क्या केंद्र सरकार को इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाकर चर्चा नहीं करना चाहिए ?

मणिपुर की हिंसा लगातार भड़क रही है। थोंगजू में उपद्रवियों ने बीजेपी दफ्तर पर हमला कर दिया. इतना ही नहीं ऑफिस पर जमकर पथराव और तोड़फोड़ की गई है, जिसके बाद पंखे तक टूट गए हैं. यहां तक की उपद्रवियों ने बीजेपी के झंडे भी उखाड़कर फेंक दिए। इससे पहले 15 जून को इंफाल में केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री आर के रंजन सिंह के आवास पर भीड़ ने तोड़फोड़ की. उपद्रवियों ने इसी रात न्यू चेकऑन में भी दो घर फूंक दिए। जिसके बाद सुरक्षाबलों को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। इसके साथ ही भीड़ ने 14 जून को इंफाल के लाम्फेल इलाके में महिला मंत्री नेमचा किपजेन के आधिकारिक आवास पर भी आग लगा दी थी। राज्य में हालात तनावपूर्ण होने के चलते पूर्व आर्मी चीफ वेद प्रकाश मलिक ने प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से तत्काल ध्यान देने का आह्वान किया है । पूर्व आर्मी चीफ मणिपुर के सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल के ट्वीट को रिट्वीट करते हुए कहा कि मणिपुर में कानून और व्यवस्था की स्थिति पर उच्चतम स्तर पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।लेकिन मलिक की कौन सुनता है ? मलिक आखिर हैं क्या ?

आपको बता दें कि मणिपुर में 3 मई को कुकी जनजातीय समुदाय की रैली के बाद राज्य में हिंसा भड़क उठी थी । ये रैली राज्य के बहुसंख्यक मैतेई समुदाय को जनजातीय दर्जा देने के विरोध में बुलाई गई थी। राज्य में हिंसा के चलते अब तक 100 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं, जबकि 300 से ज्यादा लोग घायल हुए है। शान्ति भाली की तमाम कोशिशें नाकाम होने के बाद अब सरकार के पास शेष बचा क्या है ? क्यों नहीं इस मसले पर केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक बुलाकर प्रधानमंत्री जी मणिपुर में राष्ट्पति शासन लागू करने का निर्णय लेते ? बेहतर हो की प्रधानमंत्री जी मणिपुर को जलता छोड़ अमेरिका जाएँ ही न। अमेरिका में स्टेट डिनर तो फिर भी मिल सकता है किन्तु यदि मणिपुर जलकर पूरी तरह राख हो गया तो उसे वापस मणिपुर बनाना आसान नहीं है । पता नहीं क्यों केंद्र इस हकीकत को नहीं समझ रहा की राज्य की जनता राज्य की सरकार के साथ ही भाजपा से घृणा कर रही है । इस घृणा को प्रेम में बदलने के लिए कुछ तो करना होगा ।मणिपुर का मामला बेहद संवेदनशील है,इसे हठधर्मिता से नहीं बल्कि हिकमत अमली से सुलझाया जा सकता है। मणिपुर की हिंसा इस बात का प्रमाण भी है की केंद्र सरकार राज्यों कि साथ सौहार्द स्थापित करने में पूरी तरह नाकाम हुई है । भाजपा जिन-जिन राज्यों में विधानसभा कि चुनाव हारी है उन तमाम राज्यों कि साथ केंद्र सौतेला व्यवहार करने में लगा है। हाल ही में कर्नाटक को भारतीय खाद्य निगम से चावल देने से इंकार करना इस बात का ताजा प्रमाण है। राजनीतिक अदावतें होती हैं,कांग्रेस कि जमाने में भी यही सब होता था किन्तु संवेदनशील मामलों में संवाद की खिड़की हमेशा खुली रखी जाती थी। अब ये खिड़की वर्षो से बंद है। किसी भी राष्ट्रीय मसले पर सबसे बात करना जैसे सरकार भूल ही चुकी है।

# निपटाने के खेल में बाहर-भीतर घात

कुछ लोगों में दूसरे लोगों को निपटाने में महारत हासिल होती है। किसी को नीचा दिखाना हो तो वे इतनी सफाई से अपना दांव खेलते हैं कि उसे मालूम ही नहीं पड़ता कि आखिर हुआ क्या है। वह हक्का-बक्का रह जाता है। इस खेल का दायरा व्यापक है। खेत-खलिहान से लेकर कश्मीर से कन्याकुमारी तक ऐसे खिलाड़ी देखे गये हैं। राष्ट्रीय पटल पर तो राजनीतिक दल इस खेल में जी-जान से जुटे रहते हैं। कोई दल या कोई नेता किसी अन्य दल को कब निपटा दे, इसका अंदाज किसी को नहीं होता है। जब खेल हो जाता है तो पता लगता है कि गड़बड़ हो गई है। एक ही दल में नेता एक-दूसरे की टांग पकड़ कर खींचने में लगे रहते हैं। चुनाव के दौरान दलों में ऐसा घमासान होता है कि मानो कट्टर दुश्मन देशों में युद्ध छिड़ गया हो। चुनाव के बाद मरघट की शांति हो जाती है, जैसे कुछ हुआ ही नहीं हो। कुछ कार्यालयों में कर्मचारी खिलाड़ी भावना से एक-दूसरे को निपटाने का खेल खेलते रहते हैं। साथ काम करते हैं, साथ रहते हैं, साथ गप्पें लड़ाते हैं, साथ खाते-पीते हैं, साथ मिल कर रुपये हजम कर जाते हैं लेकिन दांव फिट बैठने पर कौन किसे निपटा देगा, इसका अंदाज कार्यालय में ही नहीं, इस धरती पर कोई नहीं लगा सकता है। प्राणलाल और देवकुमार की दोस्ती की दुहाई हर कोई देता था, पर मौका मिलते ही प्राणलाल ने देवकुमार को ऐसा निपटाया कि बस वे देखते ही रह गये। देवकुमार न तो घर के रहे और न ही कार्यालय के। इस खेल में बॉस को खूब मजा आता है और उसकी भूमिका एक मदारी की रहती है। वह तो यही चाहता है कि कर्मचारी आपस में एक-दूसरे को निपटाने का खेल खेलते रहें और उसकी सत्ता पर कोई आंच नहीं आए। कुछ स्कूलों-कॉलेजों में भी शिक्षक निपटाने का खेल खेलते रहते हैं। इसमें वे अपने-अपने शागिर्दों को भी शामिल कर लेते हैं। अक्सर पंगा ट्यूशन पर आने वाले छात्रों को लेकर होता है। प्राचार्य या प्रबंधन यह तो चाहते हैं कि शिक्षक संगठित न हों लेकिन वे स्कूल में शांति का वातावरण भी चाहते हैं, ऐसे में उनकी भूमिका देखने लायक होती है। जिन लोगों को अपना नाम छपा हुआ या किसी चैनल पर चेहरा देखने का रोग होता है, वे दूसरों को आगे नहीं बढ़ने देने के लिए ऐसी-ऐसी हरकतें करते हैं कि शर्म भी शर्मसार हो जाए। अपना नाम छपा देख कर या किसी चैनल पर अपना चेहरा देख कर वे चारों धामों की तीर्थयात्रा का आनंद महसूस करते हैं। वे पूरी कोशिश करते हैं कि उनका प्रतिद्वंद्वी कहीं आगे न बढ़ जाये, इसके लिए वे साम, दाम, दंड, भेद सभी अपना लेते हैं।




पेज-6 रैना से धोनी ने उथप्पा के लिए ली थी सलाह

# एमएसपी की कानूनी गारंटी के लिए संयुक्त संघर्ष करना समय की मांग

नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार की प्राथमिकता नहीं है। किसानों को जानबूझकर कर्ज में धकेलने, दरिद्र बनाने और उन्हें उनकी जमीन से बेदखल करने के लिए किसानों को नुकसान पहुंचाने की दिशा में भाजपा सरकार आगे बढ़ रही है। यह मुनाफे को अधिकतम करने और कॉर्पोरेट कंपनियों के खजाने को भरने के उनके उद्देश्य को भी पूरा करता है।

भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने 7 जून, 2023 को खरीफ सीजन 2023-24 के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की घोषणा करते हुए दावा किया कि %यह कदम उत्पादकों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने और फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए है%, परन्तु ठीक इसके विपरीत घोषित एमएसपी न तो उचित है और न ही लाभकारी। यह किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर देता है और उनकी आय में भारी नुकसान करता है। फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करना तो दूर, यह किसानों को कृषि में निवेश करने से भी हतोत्साहित करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दावे के अनुसार किसानों की आय को दोगुना करने के बजाय, अनुचित एमएसपी के साथ बढ़ती इनपुट लागत किसानों के बड़े हिस्से को विशेष रूप से छोटे, सीमांत, मध्यम किसानों के साथ-साथ किरायेदारों को ऋणग्रस्तता में धकेल देगी। लगातार नौवें साल एमएसपी की घोषणा नरेंद्र मोदी के उस वादे के साथ धोखा करती है कि एमएसपी स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार सी 2+50 प्रतिशत तय किया जायेगा, यानी उत्पादन की कुल लागत से कम से कम 50 प्रतिशत अधिक।




धान के लिए एमएसपी 2,183 रुपये/क्विंटल तय किया गया है, जबकि पिछले सीजन में यह 2,040 रुपये/क्विंटल था, जे 7 फीसदी की मामूली वृद्धि ही है। 2022-23 में 2,350 रुपये/क्विंटल की तुलना में मोटे अनाज के एमएसपी में भी 6.3-7.8 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, जो बाजरा के साथ 2,500 रुपये/क्विंटल तय की गई है। मक्का के लिए, एमएसपी एक साल पहले के 1,962 रुपये/क्विंटल के मुकाबले बढ़ाकर 2,090 रुपये/क्विंटल कर दिया गया है, जो 6.5 प्रतिशत की वृद्धि है। तूर (अरहर या राहर) और उड़द (काला चना) के एमएसपी में मामूली वृद्धि क्रमश- 6 प्रतिशत और 5.3 प्रतिशत है, जिसे 400 रुपये की वृद्धि के साथ 7,000 रुपये / क्विंटल और 350 रुपये से 6,950 रुपये / क्विंटल किया गया है। कपास के लिए, 8.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, मध्यम स्टेपल के लिए 6080 रुपये/क्विंटल से 540 रुपये बढ़कर 6620 रुपये/क्विंटल हो गया है। सूरजमुखी के बीज का एमएसपी 5.6 प्रतिशत बढ़ाकर 6760 रुपये/क्विंटल, 60 रुपये/क्विंटल की वृद्धि की गई। 2022-23 में हरे चने (मूंग) के एमएसपी में 10.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि तिल में 10.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई और मूंगफली में पिछले वर्ष की तुलना में 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अधिकांश फसलों के लिए इसी सीमा में वृद्धि हुई है और चूंकि लागत प्रक्षेपण 2019-20 से 2021-22 तक उत्पादन अनुमानों की लागत पर आधारित है, एमएसपी2021-22 से 2023-24 तक लागत वृद्धि की भरपाई करने में विफल है।

भाजपा सरकार ने आसानी से गोलपोस्ट को सी 2 लागत से स्थानांतरित कर दिया है, जो खेती की कुल लागत को ए 2 + एफएल लागत में मापता है, जिसमें स्वामित्व वाली भूमि का किराया मूल्य और निश्चित पूंजी पर ब्याज शामिल नहीं है। इसके अलावा, ए 2+एफएल फॉर्मूले के अनुसार गणना की गई कीमतों में भी एक पकड़ है। कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी) विभिन्न राज्यों के लिए लागत का कम अनुमान लगाता है, और एमएसपी की गणना करने के लिए इन कम अनुमानित लागतों के अखिल भारतीय औसत का उपयोग करता है। खरीफ फसलों के लिए सीएसीपी दस्तावेज़ मूल्य नीति, विपणन सीजन 2023-24 स्वीकार करता है कि आंध्र प्रदेश, बिहार, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट, पंजाब, तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल द्वारा धान की उत्पादन लागत सीएसीपी के अनुमान से अधिक है। सीएसीपी द्वारा किये गये नियमित अनुमान बढ़ती लागत या मुद्रास्फीति के कारक को ध्यान में रखने में विफल रहते हैं। केंद्र ने भाजपा शासित राज्यों की सिफारिशों पर भी विचार करने की जहमत नहीं उठाई।

धान के लिए, केरल राज्य कृषि विभाग द्वारा अनुमानित सी 2 लागत 2847 रुपये/ क्विंटल है जबकि सीएसीपी प्रक्षेपण केवल 2338 रुपये/क्विंटल है।धान के लिए सी 2 लागत का पंजाब राज्य प्रक्षेपण 2089 रुपये/ क्विंटल है जबकि सीएसीपी ने इसे केवल 1462 रुपये/क्विंटल के रूप में प्रोजेक्ट किया है। अधिकांश फसलों में, राज्य के अनुमान सीएसीपी के अनुमानों से कहीं अधिक हैं। यह अच्छी तरह से जानते हुए कि केरल में उत्पादन की लागत अधिक है और केंद्रीय रूप से निर्धारित एमएसपी लागत को पूरा नहीं करेगा, एलडीएफ सरकार धान के लिए लगभग 800 रुपये/क्विंटल बोनस देती है, तथा वहां 2850 रुपये/क्विंटल पर खरीद होती है। भाजपा सरकार राज्यों द्वारा इस तरह की पहल को यह कहकर हतोत्साहित करती है कि ऐसा करने से बाजार खराब होता है। यहां तक कि अगर कोई सी 2 लागत (1911 रुपये/क्विंटल) की सीएसीपी गणना लेता है और धान के एमएसपी की गणना के लिए सी 2+50 प्रतिशत फॉर्मूला लागू करता है, तो यह 2866 रुपये/ क्विंटल होना चाहिए था। घोषित एमएसपी केवल 2183 रुपये/ क्विंटल है। यदि राज्य कृषि विभागों द्वारा प्रदान की गई औसत सी 2 लागत (रुपए 2139/ क्विंटल) को ध्यान में रखा जाता है, तो सी 2+50 प्रतिशत 3208.5रुपये /क्विंटल होता। दोनों ही मामलों में घोषित एमएसपी काफी कम होगा और किसानों को क्रमश- 683.5 रुपये प्रति क्विंटल और 1025.5 रुपये प्रति क्विंटल का नुकसान होगा। आंध्र प्रदेश में 6 टन/हेक्टेयर की उत्पादकता वाले किसान को इन लागतों पर क्रमश- 41,010 रुपये/हेक्टेयर और 61,530 रुपये/हेक्टेयर का नुकसान उठाना पड़ेगा। यह राज्य के किसानों के लिए प्रति सीजन 9020 करोड़ रुपये से लेकर लगभग 13,540 करोड़ रुपये के बीच के नुकसान में तब्दील हो जायेगा। ध्यान रहे कि आन्ध्र प्रदेश में 22 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि में धान की खेती की जाती है।

कपास के मामले में, तेलंगाना राज्य का सी2 अनुमान 11031 रुपये/क्विंटल है जबकि सीएसीपी अनुमान 6264 रुपये/क्विंटल से काफी नीचे है जो 4767 रुपये/क्विंटल कम है। यदि हम एमएसपी (6,620 रुपये/क्विंटल) और कपास के लिए सी 2 का सीएसीपी प्रोजेक्शन (5786 रुपये/क्विंटल) को भी लें तो सी 2+50 की कीमत 8679 रुपये/ क्विंटल होगी अर्थात् 2059 रुपये/क्विंटल का नुकसान होगा। 15 क्विंटल/हेक्टेयर का औसत उत्पादन लेने पर 30,885 रुपये/हेक्टेयर का नुकसान होगा। राज्य की गणना के अनुसार सी 2+50 रुपये 16547/क्विंटल या घोषित एमएसपी से 9927 रुपये/क्विंटल अधिक होगा। यानी 1,48,905 रुपये प्रति हेक्टेयर का नुकसान होगा। यह देखते हुए कि राज्य के पास लगभग 19 लाख हेक्टेयर का रकबा है, केंद्रीय एमएसपी और राज्य प्रस्तावित एमएसपी पर नुकसान लगभग 5868 करोड़ रुपये से लेकर 28,291 करोड़ रुपये के बीच होगा।

एक किसान के लिए भारी असंतोष की कल्पना की जा सकती है और इसी से समझा जा सकता है कि कपास क्षेत्र में कृषि आत्महत्याएं क्यों बढ़ रही हैं। अरहर/तूर के लिए, कर्नाटक राज्य द्वारा अनुमानित सी 2 लागत 9588 रुपये/क्विंटल है, जबकि सीएसीपी प्रक्षेपण केवल 5744 रुपये/ है, जो कि 3844 रुपये/ कम है।



# अवैध हथियार के साथ घूम रहे दो युवकों को दबोचा

**पुष्पांजली टूडे संवाददाता मालनपुर**

पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के द्वारा जिले में गुंडों बदमाशों व अवैध शस्त्र रखने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई गिरफ्तारी करने हेतु निर्देश दिए गए हैं एवं अतिपुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुशे एवं गोहद अनुविभागीय अधिकारी सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में मालनपुर थाना प्रभारी डॉक्टर संतोष यादव ने दो आरोपियों को 315 बोर दो कट्टे एवं दो जिंदा राउंड के साथ धर दबोचा बता दें कि 18/6/ 2023 को कस्बा गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी के कब्जे में से 315 बोर का कट्टा एक जिंदा राउंड के साथ नोवा चौराहा मालपुर रोड एवं दूसरे आरोपी से कब्जे से 315 बोर कट्टा एक जिंदा राउंड मालनपुर फ्यूजन कंपनी विधिवत जप्त किया धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर किया गया उक्त कार्रवाई में डॉक्टर संतोष यादव थाना प्रभारी मालनपुर उपनिरीक्षक बलवंत सिंह यादव, उपनिरीक्षक प्रदीप सिंह भदौरिया, राघवेंद्र शुक्ला, कमल माहौर, मंगल सिंह गुर्जर, पंकज सिंह तोमर आदित्य गुर्जर सोनू अनीश नवीन तोमर सराहनीय योगदान रहा।

# नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और गौरवशाली इतिहास से कराएं परिचित:सबनानी

## स्वयंसेवकों ने किया वीरांगना प्रणाम

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि**



ग्वालियर। देश की स्वतंत्रता के लिए वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई ने बलिदान देकर समाज को एक प्रेरणा दी है। भारत को पुन: विश्व गुरू बनाने के लिए हमें नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और गौरवशाली इतिहास से परिचित कराना चाहिए। यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लश्कर जिला के संघचालक प्रहलाद सबनानी ने वीरांगना लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता की आसंदी से कही। लक्ष्मीबाई कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ग्वालियर महानगर के स्वयंसेवकों ने झांसी की रानी को प्रणाम किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मप्र उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीके पालीवाल ने की। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ग्वालियर विभाग के संघचालक विजय गुप्ता भी मंचासीन थे। मुख्य वक्ता श्री सबनानी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में त्याग को महत्व दिया गया है। कैकई का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि कैकई भी वीरांगना थी। कैकई ने दशरथ के प्राणों की रक्षा की थी, लेकिन उन्होंने अपनी स्वार्थ की पूर्ति के लिए अपने बेटे भरत के लिए राजगद्दी और श्रीराम के लिए वनवास मांगा। वहीं रानी लक्ष्मीबाई ने देश के लिए अपने जीवन की आहुति दे दी। इतने काल बाद भी कोई भी अपनी बेटी का नाम कैकई रखना पसंद नहीं करता है, जबकि अपनी बेटी का नाम मनु और लक्ष्मी रखकर गौरव महसूस करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्री पालीवाल ने रानी लक्ष्मीबाई के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब अंग्रेजों ने दामोदर राव को दत्तक पुत्र के रूप में अस्वीकार कर झांसी को अंग्रेजी राज्य में मिलाने की घोषणा की तो वीरांगना ने कहा कि मैं झांसी नहीं दूंगी। रानी लक्ष्मीबाई ने घमासान युद्ध कर अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए थे और मात्र 23 वर्ष की उम्र में राष्ट की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुईं।



# भाजपा संविधान विरोधी पार्टी: बरैया

## नगर आगमन पर कांग्रेस नेता फूल सिंह बरैया का हुआ स्वागत

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



गोहद। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं चंबल संभाग के प्रभारी फूल सिंह बरैया का मेहगांव के मुस्तरा गांव में आगमन हुआ जहां उन्होंने स्वास्थ्य शिविर में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया बरैया का काफिला ग्वालियर से कार द्वारा मेहगांव के लिए रवाना हुआ। इससे पहले फूल सिंह बरैया गोहद चौराहा पर पहुंचे जहां कार्यकर्ताओं मैं उनका भव्य स्वागत किया इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए कहा कि इस दौरान फूल सिंह बरैया ने कहा कि हम सभी को संविधान की रक्षा करने के लिए कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाना है, सत्ताधारी पार्टी भाजपा संविधान विरोधी पार्टी है यह संविधान को खत्म करना जाती है। इसलिए भाजपा को आगे आने वाले चुनाव में सबक सिखाना है। गोहद चौराहे पर जोरदार स्वागत करने वालों में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जनपद सदस्य केदार सिंह कौशल, प्रमोद शुक्ला, मुन्नेश शर्मा सहित दो सैकड़ा लोग उपस्थित थे। इसके अलावा गोहद चौराहा से पहले मालनपुर में पार्षद संजू सागर और उनके साथियों द्वारा तथा हरिराम की कुईयां पर अहिवरन, राम प्रकाश बंसल, पोहप सिंह और उनके कई साथियों द्वारा तथा सर्वा पर नरेश तोमर तथा राकेश तोमर और उनके साथ कई साथियों द्वारा तथा कल्लू ढाबा छीमका पर कल्लू तोमर, खड़क सिंह तोमर, कमल प्रताप सिंह तोमर, रामबीर बघेल सरपंच एवं उनके साथ कई साथियों द्वारा स्वागत किया गया।

# अनामो बघेल बने किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**देवभोग।** प्रदेश किसान कांग्रेस के निर्देशानुसारआज दिनांक 17 /6 2023 को जिला विश्रम ग्रह गरियाबंद में किसान सम्मान समारोह एवं नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में आज किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष श्री राम विलास साहू जी प्रदेश उपाध्यक्ष फनीश दुबे जी किसान कांग्रेस, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष श्री जनक ध्रुव जी, जिला अध्यक्ष श्री वासुदेव बीसी जी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवभोग अध्यक्ष श्री भूपेंद्र मांझी जी ब्लॉक कांग्रेश कमेटी मैनपुर के अध्यक्ष श्री भोला जगत जी, प्रदेश सचिव अमृत मिरी जी विधानसभा अध्यक्ष अमृत पटेल जी यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव मिश्रा जी, निहाल नेताम, समस्त पदाधिकारी गण उपस्थित रहे

नवनीत

जिला उपाध्यक्ष विनोद यादव

जिला उपाध्यक्ष गुलाब यादव

जिला महामंत्री धनेशर यादव

जिला महासचिव प्रशासनिक सुरेश बघेल

जिला महासचिव नेपाल यादव

जिला सचिव चंदन सोनी

जिला सचिव गगन यादव

जिला सचिव जागेश्वर टांडेल

ब्लॉक अध्यक्ष देवभोग अनामो बघेल

ब्लॉक अध्यक्ष अमलीपदर हेलो नेताम

ब्लॉक अध्यक्ष मैनपुर जितेन नीगी

ब्लॉक अध्यक्ष गरियाबंद भैयालाल ध्रुव

ब्लॉक अध्यक्ष फिंगेश्वर गुलशन यादव

ब्लॉक अध्यक्ष छुरा अमितेश ध्रुव सभी पदाधिकारी को नियुक्ति क्या गया।

इस नियुक्ति सम्मेलन में अनामो बघेल किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा हमारे यशस्वी माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल किसान हितेषी सरकार के रूप में हमेशा से अपना कर्तव्य निभाते आ रहे है जिसमे



किसानों की कर्जा माफ करने की बात हो या धान खरीदी में अतिरिक्त बोनस देने की योजना हो या किसानों की आय में वृद्धि करने की भरपूर प्रयास में अव्वल नजर आए है किसान कांग्रेस का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में किसानों से संपर्क कर सरकार के योजना एवं किसान हितेषी स्कीम हो या फिर ऑर्गेनिक खाद मत्स्य पालन पशुपालन पोल्ट्रीफार्म वनोपज का संग्रहण के संबंध में किसानों को जागरूक कर भूपेश के किसान हितैषी सरकार का योजना व फायदे से लाभान्वित करना हमारा मुख्य उद्देश्य है किसान कांग्रेस देवभोग के द्वारा क्षेत्र में गांव-गांव घूमकर किसानों से संपर्क कर परेशानी व समस्या जानी जाएगी एवं त्वरित संज्ञान में लेते हुए समस्या का समाधान करना हमारा संगठन का मुख्य उद्देश्य है आगामी दिनों में किसान कांग्रेस द्वारा क्षेत्र में किसानों से ही विचार विमर्श कर उनके अनुरूप सरकार को संदेश भेजा जाएगा कि किसान के लाभ हेतु व आय में वृद्धि करने हेतु हमें और किन-किन प्रकार के कार्यों में भागीदारी निभाना पड़ेगा।

# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के द्वारा प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम कों बूथ क्रमांक 61 पर सुना



**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 102 वें मन की बात एपिसोड कों ग्राम पंचायत लाडनबाढ़,में बूथ क्रमांक 61 पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा दमोह के कार्यकर्ता पदाधिकारियों के द्वारा सुना गया। कार्यक्रम में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष भोले सराफ, जिला महामंत्री शिवशंकर कुशवाहा, जिला उपाध्यक्षअभिषेक राय, जिला मंत्री मनोज राय, मण्डल अध्यक्ष, देवेश पटेल,विक्रम वर्मन, बबलू चक्रवर्ती, ह्यष मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नारायण तंतुवाय, ह्यष मोर्चा मंडल अध्यक्ष देवांश तंतुवाय, यश सेन, लोकेश साहू, प्रयांशु सेन, सोमिल, आदि शामिल रहें।।

# कार्यालय: नगरपालिका परिषद गोहद जिला भिण्ड (म.प्र.)

Email- cmo.gohad.mpurban@gmail.com, Add- Ward 14, Fort Road Gohad, Dist- Bhind (M.P.)

क्रमांक/नामान्तरण–शाखा/न.पा./2023/ 1332 गोहद दिनांक 19-6-2023

**सार्वजनिक सूचना बाबत नामान्तरण**

सर्व साधारण की जानकारी के लिये एतद्व द्वारा सूचना दी जाती है, कि निम्नलिखित आवेदकों के आवेदन बावत् नामान्तरण भवन/भूमि स्वामित्व व अधिपत्य प्राप्त होकर नगरपालिका अभिलेखों में नाम परिवर्तन बावत विचाराधीन है। जिस किसी को इस वावत कोई आपत्ति हो तो वह सूचना जारी दिनांक से अन्दर म्याद 30 दिवस अपनी लिखित उज्रदारी संबंधित अभिलेखों व स्वामित्व प्रमाणों सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त कोई आपत्ति स्वीकार नही होगी।

**विवरण निम्नानुसार है**

| क्रं. | प्र.क्रं. | नम आवेदक व पता | जिसके बजाय नामान्तरण चाहा गया है | वार्ड क्रं./गली मोहल्ला का नाम जहाँ पर भवन/भू–खण्ड स्थित है। | स्वामित्व के प्रकरण जिसके आधार पर नामान्तरण चाहा गया है। | विवरण भवन/भूमि/प्लाट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | $\frac{53}{2023} \times \frac{3}{11}$ | जरीना बेगम पत्नि जाहिद खॉं नि.वार्ड क्रं.15 गोहद | आवादी बाई बेबा पत्नि मुबारक अली नि.वार्ड क्रं.15 गोहद | वार्ड क्रं.15 | वसीहत नामा मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ पत्र | भवन |
| 02 | $\frac{54}{2023} \times \frac{3}{11}$ | सोमलता गुप्ता पत्नि विजय गुप्ता नि.इटायली गेट गोहद | 1. सुनीता जैन पुत्री रतीराम जैन पत्नी विक्रम जैन नि. वार्ड नं.34 देव नगर कॉलोनी पेच नं.02 जैन मंदिर वाली गली भिण्ड (म.प्र.) 2. ममता जैन पुत्री रतीलाल जैन पत्नी दिलीप जैन 18 कालौनी दुर्गापुरी नजदीक आर.पी. कालोनी तानसेन रोड ग्वालियर 3. प्रदीप कुमार जैन पुत्र गुलाबचन्द्र जैन सदर बाजार वार्ड नं. 06 पोरसा,मुरैना | वार्ड क्रं.07 | रजिस्ट्री | भवन |
| 03 | $\frac{55}{2023} \times \frac{3}{11}$ | निरोत्तम राठौर पुत्र भीकाराम नि.वार्ड नं.05 गोहद | नरेंन्द्र सिंह पुत्र ओंकार सिंह ग्राम छीमका तह.गोहद | वार्ड क्रं.18 | रजिस्ट्री डायवर्सन, खसरा | प्लाट |
| 04 | $\frac{56}{2023} \times \frac{3}{11}$ | पूजा राठौर पत्नि निरोत्तम राठौर नि. रठियनपुरा वार्ड 05 गोहद, भिण्ड | गजेन्द्र सिंह पुत्र ओंकार सिंह ग्राम छीमका तह.गोहद | वार्ड क्रं.18 | रजिस्ट्री डायवर्सन खसरा | प्लाट |
| 05 | $\frac{57}{2023} \times \frac{3}{11}$ | ऊषा देवी पत्नि इन्दल सिंह तोमर नि.वार्ड 18 गोहद | भारत सिंह, राजेनद्र सिंह, रामवीर सिंह पुत्रगण गनेश सिंह नि.ग्राम छीमका पर. गोहद | वार्ड क्रं.18 | रजिस्ट्री | प्लाट |
| 06 | $\frac{58}{2023} \times \frac{3}{11}$ | ऊषा देवी पत्नि इन्दल सिंह तोमर नि.वार्ड 18 गोहद | भागीरथ पुत्र रामचरन जाति कुशवाह नि. अल्देवसिंह का पुरा मजरा चक छीमका पर. गोहद | वार्ड क्रं.18 | रजिस्ट्री | प्लाट |
| 07 | $\frac{59}{2023} \times \frac{3}{11}$ | संजय,शंकर रामनिवास पुत्रगण भजनलाल प्रजापति नि.ग्राम विरगवा तह.मेहगॉव जिला भिण्ड (म.प्र.) | धन्तो वार्द/गोविन्दी गली काजी तनवीर भिण्ड बैजन्ती बाई/गोविन्दी ग्राम वुलवुल पुरा जिला ग्वालियर मालती वाई/गोविन्दी कीरतपुरा गोहद चौराहा | वार्ड क्रं.18 | रजिस्ट्री | प्लाट |
| 08 | $\frac{60}{2023} \times \frac{3}{11}$ | सूरतराम राठौर, राघवेन्द्र राठौर पुत्रगण स्व.श्री सरनाम सिंह नि.वार्ड क्रं.03 इटायली गेट गोहद | स्व. श्री सरनाम सिंह राठौर पुत्र गोकुल प्रसाद राठौर नि. वार्ड क्रं.03 गोहद | वार्ड क्रं.03 | रजिस्ट्री, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, सहमति पत्र | भवन |
| 09 | $\frac{61}{2023} \times \frac{3}{11}$ | श्रीमती ऊषा पत्नि राघवेन्द्र प्रसाद नि.वार्ड क्रं.12 गोहद | राघवेन्द्र प्रसाद पुत्र दुर्गा प्रसाद नि.गोहद | वार्ड क्रं. 17 | रजिस्ट्री खसरा भू–पुस्तिक | प्लाट |
| 10 | $\frac{62}{2023} \times \frac{3}{11}$ | परमानंद शर्मा पुत्र बालमुकुन्द शर्मा नि.ग्राम छीकमा हॉल वार्ड 17 साईपुरम गोहद चौराहा गोहद | राकेश सिंह पुत्र बलवन्त सिंह तोमर नि. मुरार गोहद | वार्ड क्रं. 17 | रजिस्ट्री डायवर्सन खसरा | प्लाट |
| 11 | $\frac{63}{2023} \times \frac{3}{11}$ | श्रीमती सरस्वती पत्नि कमलेश कुशवाह नि. वार्ड क्रमांक 02 गोहद | 1. राकेश अग्रवाल पुत्र कैलाश नारायण नि.गोहद 2. सोनेराम शर्मा पुत्र जानकी प्रसाद नि.गोहद 3. मोहर सिंह गौड़,रामकिशोर गौड़ पुत्रगण सोबरन सिंह नि. गोहद 4. वैजनाथ कुशवाह,रामसिंह कुशवाह पुत्रगण ग्यासीराम नि. गोहद | वार्ड क्रं.16 | रजिस्ट्री डायवर्सन | प्लाट |
| 12 | $\frac{64}{2023} \times \frac{3}{11}$ | श्रीमती जमुना वाई पत्नि मायाराम राठौर नि. वार्ड 13 गोहदी गेट गोहद | प्रीतम सिंह पुत्र दुर्गाप्रसाद नि.वार्ड क्रं.03 गोहद | वार्ड क्रं.01 | रजिस्ट्री | प्लाट |
| 13 | $\frac{65}{2023} \times \frac{3}{11}$ | श्रीमती रानी पत्नि विश्राम सिंह नि.ग्राम तेहरा तह गोहद | रामराज सिंह पुत्र बचन सिंह ग्राम तेहरा तह गोहद | वार्ड क्रं.18 | रजिस्ट्री डायवर्सन | प्लाट |
| 14 | $\frac{66}{2023} \times \frac{3}{11}$ | रमेश पुत्र स्व.गोपीराम कुशवाह नि.वार्ड क्रं.09 गोहद | मायाराम कुशवाह पुत्र स्व.श्री गोपीराम कुशवाह नि.वार्ड 09 गोहद | वार्ड क्रं.09 | शपथ पत्र पंचनामा | भवन |
| 15 | $\frac{67}{2023} \times \frac{3}{11}$ | रामप्रकाश कुशवाह पुत्र स्व. गोपीराम कुशवाह नि.वार्ड क्रं. 09 गोहद | मायाराम कुशवाह पुत्र गोपीराम कुशवाह नि.वार्ड 09 गोहद | वार्ड क्रं.09 | शपथ पत्र पंचनामा | भवन |
| 16 | $\frac{68}{2023} \times \frac{3}{11}$ | श्रीमती रजनी माझी पत्नि दाताराम माझी नि. वार्ड 15 वरथरा गेट गोहद | ववूसिंह पुत्र हरविलास नि. वार्ड क्रं.13 किला रोड गोहद | वार्ड क्रं.16 | रजिस्ट्री डायवर्सन खसरा | प्लाट |
| 17 | $\frac{69}{2023} \times \frac{3}{11}$ | संजू खॉं पुत्र रज्जाक खॉं नि. वार्ड क्रं.05 नूरगंज गोहद | मुन्ना खॉं पुत्र असरफ खॉं नि.वार्ड क्रं. 05 मौरोड गोहद | वार्ड क्रं.05 | रजिस्ट्री डायवर्सन | प्लाट |
| 18 | $\frac{70}{2023} \times \frac{3}{11}$ | श्रीमती सुमन पत्नि इन्द्रजीत सिंह नि.ग्राम धनेटा तह.पोरसा जिला मुरैना | श्रीमती राखी देवी पत्नि राघवेन्द्र सिंह ग्राम छीमका तह. गोहद | वार्ड क्रं.18 | डायवर्सन रजिस्ट्री+भू–पुस्तिका भू–अधिकार पुस्तिका | प्लाट |
| 19 | $\frac{71}{2023} \times \frac{3}{11}$ | 1. श्री जगदीश,नरेश पुत्रगण स्व. टुण्डेराम प्रजापति 2. श्रीमती सुनीता पत्नि स्व. रामगोपाल,निर्मला पत्नि स्व. राजेन्द्र नि.वार्ड क्रं.09 नहर मौहल्ला गोहद | श्री टुण्डेराम पुत्रगण गुन्धारीलाल प्रजापति नि.वार्ड क्रं. 09 गोहद | वार्ड क्रं.09 | शपथ–पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र | भवन |
| 20 | $\frac{72}{2023} \times \frac{3}{11}$ | श्री रामलखन पुत्र बलवंत सिंह नि. निवरौल तह. गोहद जिला भिण्ड | श्री गनपति सिंह,श्री सूरजपाल सिंह नि.सुज्जे का पुरा तह.गोहद भिण्ड | वार्ड क्रं.17 | डायवर्सन खसरा रजिस्ट्री | प्लाट |
| 21 | $\frac{73}{2023} \times \frac{3}{11}$ | श्रीमती रामकली पत्नि स्व. किशोरी नि. खटीक मौहल्ला वार्ड क्रं.04 गोहद | श्री रामगोपाल, रामऔतार पुत्रगण विहारीलाल नि. खटीक मौहल्ला वार्ड क्रं.04 गोहद | वार्ड क्रं.04 | रजिस्ट्री शपथ–पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र | भवन |
| 22 | $\frac{74}{2023} \times \frac{3}{11}$ | संजय सिंह यादव पुत्र श्रीवावू सिंह यादव नि.घमसा रोड वार्ड क्र16 गोहद | पुस्तैनी | वार्ड क्रं.16 | डायवर्सन ,भू–अधिकार पुस्तिका,खातावार खतौनी,खसरा,लिखितम सहमति पत्र | प्लाट |
| 23 | $\frac{75}{2023} \times \frac{3}{11}$ | श्री शिवराज सिंह पुत्र राम अवतार सिंह नि. वार्ड क्रं. 17 गोहद | श्री कल्ला उर्फ कलियान पुत्र श्री नब्बा उर्फ नबाब | वार्ड क्रं.17 | डायवर्सन खसरा रजिस्ट्री | प्लाट |
| 24 | $\frac{76}{2023} \times \frac{3}{11}$ | श्री निशांत सिंह, गुलझार सिंह,दिलवाग सिंह पुत्रगण स्व.श्री बलवीर सिंह नि. स्टेशन रोड वार्ड क्रं. 18 गोहद | श्री बलवीर सिंह पुत्र स्व श्री नन्दसिंह नि.वार्ड 18 स्टेंशन रोड गोहद | वार्ड क्रं.18 | खसरा लिखितम सहमति पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र | भवन |
| 25 | $\frac{77}{2023} \times \frac{3}{11}$ | श्री धर्मेन्द्र सिंह पुत्र श्री माखन सिंह नि.वार्ड क्रं.17 कीरतपुरा गोहद | श्री माखन सिंह पुत्र श्री स्व. राजनाथ सिंह नि.वार्ड क्रं.17 कीरतपुरा गोहद | वार्ड क्रं.17 | डायवर्सन खसरा नक्शा | प्लाट |
| 26 | $\frac{78}{2023} \times \frac{3}{11}$ | श्री धर्मेन्द्र सिंह पुत्र श्री माखन सिंह नि.वार्ड क्रं.17 कीरतपुरा गोहद | श्री माखन सिंह पुत्र श्री स्व. राजनाथ सिंह नि.वार्ड क्रं.17 कीरतपुरा गोहद | वार्ड क्रं.17 | डायवर्सन खसरा नक्शा | प्लाट |
| 27 | $\frac{79}{2023} \times \frac{3}{11}$ | नरेन्द्र कुमार जैन पुत्र श्री अगरचन्द्र जैन नि. वार्ड 14 मारकन्डेश्वर मंदिर | श्री अगरचन्द्र जैन पुत्र श्री मूलचन्द्र जैन नि. वार्ड 14 मारकन्डेश्वर मंदिर | वार्ड क्रं.14 | मृत्यु प्रमाण पत्र लिखितम पारिवारिक व्यवस्था विलेख लिखितम सहमति पत्र | भवन |
| 28 | $\frac{80}{2023} \times \frac{3}{11}$ | विशाल राठौर, कुलदीप पुत्रगण श्री मुरारीलाल राठौर नि.ऐचाया रोड वार्ड 05 गोहद | तिलक सिंह पुत्र फतेंह सिंह नि.वार्ड 05 गोहद | वार्ड क्रं.05 | शपथ पत्र रजिस्ट्री विक्रय पत्र | भवन |
| 29 | $\frac{81}{2023} \times \frac{3}{11}$ | देवेन्द्र सिंह तोमर पुत्र रामलखन सिंह नि.वार्ड 18 स्टेशन रोड गोहद | श्रीमती उषा देवी पत्नी श्री अतमेर सिंह नि. ग्राम सुहास गोहद | वार्ड क्रं.18 | डायवर्सन खसरा रजिस्ट्री | प्लाट |
| 30 | $\frac{82}{2023} \times \frac{3}{11}$ | श्रीमती सरिता शर्मा पत्नि श्री संतोष कुमार बरूआ नि. वार्ड 15 सती बाजार गोहद | 1. श्रीमती मीरा शर्मा पत्नि लखनलाल नि.ग्राम पीपरी अटेर भिण्ड 2. श्रीमती संगीता शर्मा पत्नि श्री कालीचरन शर्मा ग्राम तुकेड़ा गोहद | वार्ड क्रं.16 | डायवर्सन भू–अधिकार पुस्तिका खसरा रजिस्ट्री | प्लाट |

उपराजस्व निरीक्षक
नगरपालिका परिषद गोहद
जिला भिण्ड (म.प्र.)

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद गोहद
जिला भिण्ड (म.प्र.)

# झरगांव में भगवान श्री जगन्नाथ प्रभु नव निर्मित रथ का किया गया शुभारंभ



**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद** जिला मैनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत झरगांव में जोर शोर चल रही है रथ यात्रा तैयारी आज दिनांक 19 /6/2023 दिन सोमवार को भगवान श्री जगन्नाथ प्रभु की नवनिर्मित रथ का बड़ी धूमधाम से शुभारंभ किया गया जिसमें सातों पारा से माताएं बहने वरिष्ठ नागरिकों नवयुवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस शुभ अवसर पर भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथ को गांव में स्थित श्री हनुमान मंदिर के पास विधि विधान से श्री परमेश्वर दास वैष्णव जी के श्री मुख से मंत्रोच्चारण कर पूजा पाठ किया गया एवं भंडारा का आयोजन किया गया इसके पश्चात भगवान श्री जगन्नाथ प्रभु की नवनिर्मित को हनुमान मंदिर से श्री जगन्नाथ मंदिर तक लाया गया एवं महाप्रभु जगन्नाथ जी का नेत्रों सब पूजा वेद मंत्र पंच धोनी के साथ किया गया सातों पारा से पुजारी वरिष्ठ नागरिकों हजारों की संख्या में समस्त ग्रामवासी का श्री मंदिर में आगमन हुआ मंदिर के पुजारी श्री परमेश्वर दास वैष्णव जी द्वारा भगवान के लिए चक्र में पतित पावन बान ध्वजा परिवर्तन किया गया सभी भक्तों एक साथ बोल कालिया के जयघोष के साथ भगवान की स्तुति करने लगे। कल मंगलवार को भगवान श्री जगन्नाथ जी बलभद्र सुभद्रा के साथ नंदीघोष रथ पर आरूढ़ होकर मुझसे श्री गुंडीचा रानी के यहां प्रस्थान करेंगे ।



## जूनियर एनटीआर के साथ काम करेंगी प्रियंका चोपड़ा

बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा दक्षिण भारतीय स्टार जूनियर एनटीआर के साथ काम करती नजर आ सकती हैं।प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड के अलावा हॉलीवुड फिल्मों में भी कामयाबी का परचम लहराया है। हाल ही में प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड की वेब सीरीज सिटाडेल में नजर आई थीं। चर्चा है कि प्रियंका चोपड़ा निर्देशक प्रशांत नील की फिल्म में जूनियर एनटीआर के साथ नजर आने वाली है। यह फिल्म इंडिया-पाकिस्तान वॉर पर बेस्ड होने वाली है।बताया जा रहा है कि इस फिल्म के लिए दीपिका पादुकोण और मृणाल ठाकुर से भी बात की गई थी लेकिन बात नहीं बनी। यदि सबकुछ सही रहा तो प्रियंका, जूनियर एनटीआर के साथ काम करती नजर आ सकती हैं। जूनियर एनटीआर इस फिल्म के अलावा देवरा' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। जूनियर एनटीआर की फिल्म देवरा' में उनके साथ सैफ अली खान और जाह्नवी कपूर भी नजर आने वाली है।

## कबीर खान की अगली फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ नजर आएंगे भुवन अरोड़ा

हिट स्ट्रीमिंग शो फर्जी में अपने काम से दर्शकों का जीत वाले एक्टर भुवन अरोड़ा स्टार निर्देशक कबीर खान की अगली फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म में वह बॉलीवुड स्टार कार्तिक आर्यन के साथ काम करेंगे।कबीर बजरंगी भाईजान, एक था टाइगर और 83 जैसी फिल्मों का निर्देशन करने के लिए जाने जाते हैं। एक्टर कार्तिक आर्यन के साथ भुवन को-स्टार के रूप में एक अलग अवतार में नजर आएंगे।अपकमिंग प्रोजेक्ट के लिए अपने उत्साह को व्यक्त करते हुए, भुवन ने साझा किया- मैं कबीर सर के साथ काम करने के लिए बहुत उत्साहित और खुश हूं। मैंने हमेशा उनकी फिल्मों और उनके द्वारा बताई जाने वाली कहानियों के चयन की प्रशंसा की है।उन्होंने आगे कहा- यह बहुत ही चुनौतीपूर्ण फिल्म है जिसके लिए बहुत सारी तैयारी की आवश्यकता होती है। यह फिल्म एक सच्ची कहानी पर आधारित है, जिसमें जीवन से भी बड़ा कैनवास है। मुझे एक नई भूमिका में भी देखा जाएगा जिसे मैंने पहले कभी नही निभाया है।बड़े बजट की इस फिल्म का निर्माण साजिद नाडियाडवाला कर रहे हैं, जिन्होंने कार्तिक की आने वाली फिल्म सत्यप्रेम की कथा का भी निर्माण किया है, जो कार्तिक को भूल भुलैया 2 की उनकी सह-कलाकार कियारा आडवाणी के साथ फिर से जोड़ती है।

## स्टाइलिश आउटफिट में राधिका मदान की कूल तस्वीरें वायरल

राधिका मदान अपनी खूबसूरती से फैंस के दिलों को बेताब करने का हुनर बखूबी जानती हैं। उनकी किलर तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं। वहीं, ग्रीन कलर की लेटेस्ट आउटफिट में एक्ट्रेस की बेहद ही स्टनिंग तस्वीरें वायरल हो रही हैं। एक्ट्रेस राधिका मदान ग्रीन और व्हाइट कलर के कॉम्बिनेशन में बेहद ही स्टनिंग तस्वीरों में गजब ढाहती नजर आ रही हैं। ओपन हेयर स्टाइल के साथ एक्ट्रेस राधिका मदान अपने किलर अंदाज से फैंस के दिलों पर कहर बरपा रही हैं। टीवी सीरियल मेरी आशिकी तुम से ही से अपने करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस राधिका मदान फिल्मों में भी जलवा बिखेरती रहती हैं। एक्ट्रेस राधिका मदान अब बॉलीवुड में भी अपने झंडे गाड़ रही हैं। अपने अभिनय और खूबसूरती के दम पर एक्ट्रेस कई बड़े सितारों के साथ फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। वहीं, राधिका मदान ने फिल्म पटाखा से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस फिल्म में उनके दमदार रोल की सबने सराहना की। राधिका मदान फिल्म अंग्रेजी मीडियम, शिद्दत, मोनिका ओ माई डार्लिंग में नजर आ चुकी हैं। राधिका मदान की ग्लैमरस तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं। वहीं, राधिका मदान का लेटेस्ट फोटोशूट देखकर फैंस उनकी खूबसूरती के कायल हुए जा रहे हैं। रेड बिकिनी में एक्ट्रेस राधिका मदान बेहद ही हॉट नजर आ रही हैं। फैंस उनकी टोंड बॉडी के दीवाने बने हुए हैं। एक्ट्रेस राधिका मदान की फैन फॉलोइंग 3.8 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

## नाम के अनुरूप फिल्म भी कच्ची

भारतीय सिनेमा जगत में क्रिकेट आधारित कई फिल्में बन चुकी हैंमगर यदि हम एम एस धोनी पर बनी फिल्म 'एम एस धोनी = अन टोल्ड स्टोरी' को नजरंदाज कर दें तो क्रिकेट के खेल पर आधारित फिल्मों को सफलता नसीब नही हुई है। अब फिल्मकार शुभम योगी 'गली क्रिकेट' के कांसेप्ट और भाईबहन के प्यार को रेखांकित करने वाली मध्यमवर्गीय परिवारों की कहानी 'कच्चे लिंबू' लेकर आए हैं,जो कि अपने नाम के अनुरूप कच्ची ही रह गई है। लेखक व निर्देशक दोनों इसे सही ढंग से बना नही पाए.बहरहाल, यह फिल्म 19 मई से ओटीटी प्लेटफार्म 'जियो सिनेमा'' पर स्ट्रीमहुईचुकी है। फिल्म की कहानी के केंद्र में मध्यमवर्गीय नाथ परिवार की पिता की आज्ञाकारी बेटी अदिति (राधिका मदान ) और बड़ा बेटा आकाश नाथ (रजत बरमेचा) हैं।

## क्या राघव और परिणिती की हो गई है सगाई, फ्लॉन्ट कि इंगेजमेंट रिंग

परिणिती अपने बॉयफ्रेंड के साथ डिनर डेट पर नजर आई थी, जिसकी तस्वीर कैमरे में कैद कर ली गई है. तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है जिसकी तारीफ लोग खूब कर रहे हैं। परिणिती चोपड़ा और राघव चड्ढा को लेकर इन दिनों लगातार नए-नए अपडेट आ रहे हैं, आए दिन दोनों को एक साथ देखा जा रहा है, हाल ही में परिणिती चोपड़ा को ब्लैक कलर के वन पीस में देखा गया था, जिसमें वह काफी खूबसूरत लग रही थीं. साथ में राघव भी नजर आ रहे थें। लेकिन इस वायरल हो रही तस्वीर की खास बात यह है कि इसमें परिणिती अपने रिंग फिगर में एक अंगूठी पहनी है जिसे देखकर लोग कयास लगा रहे हैं कि परिणिती का इंगजेगमेंट हो गया है. इससे पहले भी खबर आई थी कि इंगेजमेंट करीबी रिश्तेदारों के बीच हुआ था। परिणिती अपने बॉयफ्रेंड के साथ डिनर डेट पर नजर आई थी, जिसकी तस्वीर कैमरे में कैद कर ली गई है। तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है जिसकी तारीफ लोग खूब कर रहे हैं।

## इतना बड़ा बेबी बंप लेकर पहली बार निकली स्वरा भास्कर, पति फहाद को दी पप्पी.. लोग बोले- इतना छोटा बुर्का



बॉलीवुड अभिनेत्री स्वरा भास्कर इन दिनों शादी के बाद अपनी पहली प्रेग्नेंसी इंजॉय कर रही हैं। सोशल मीडिया पर प्रेग्नेंसी का ऐलान करने बाद अब हाल ही में एक्ट्रेस को पहली बार एयरपोर्ट पर बेबी बंप फ्लॉन्ट करते स्पॉट किया गया। इस दौरान स्वरा भास्कर की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं जो कि काफी तेजी से वायरल हो रहे हैं। स्वरा भास्कर इस दौरान ब्लैक कलर के बॉडीकॉन वन पीस में अपना बड़ा सा बेबी बंप फ्लॉन्ट करती दिखाई दे रही थीं। इसके साथ ही हसीना इस दौरान पैपराजी से बातचीत भी करती दिखाई दीं। उन्होंने कहा कि ये पहली बार है जब वो बेबी बंप के साथ ट्रैवलिंग कर रही हैं। करण देओल की शादी में आर्यमान ने किया कुछ ऐसा कि बॉबी देओल ने सबसे सामने की पकड़ लिया गाल और एक्ट्रेस स्वरा भास्कर ने 6 जून को इंस्टाग्राम पर अनाउंस किया था कि वह प्रेग्नेंट हैं। उन्होंने अपने पति फहद अहमद के साथ तस्वीरें शेयर कर यह गुड न्यूज सबको बताई थी। शनिवार को स्वरा और फहद को मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। एयरपोर्ट पर अंदर जाने से पहले स्वरा ने फहद के गाल पर किस किया और दोनों ने एक-दूसरे को गले भी लगाया। स्वरा ब्लैक बॉडीकॉन मिनी ड्रेस में नजर आ रही हैं। उन्होंने ड्रेस के साथ स्नीकर्स पहना हुआ था। वहीं फहद ब्लैक शर्ट,वाइट पैंट्स और सनग्लासेज में नजर आए। साइड से पूरी कटी ड्रेस में ऐसे मचली पूनम पांडे, बार बार दिखता रहा अंडरवियर और... स्वरा अक्टूबर में बच्चे को जन्म देंगी। स्वरा और फहाद दोनों इस नई जर्नी के लिए बहुत एक्साइटेड हैं। इस साल फरवरी में स्वरा ने फहद संग अपनी शादी की अनाउंसमेंट की थी। उन्होंने इस साल जनवरी में कोर्ट में अपनी शादी रजिस्टर करवा ली थी। इसके बाद मार्च में उन्होंने धूमधाम से शादी की थी।

## दूल्हा बने करण देओल का फर्स्‌ट लुक आया सामने- सनी, बॉबी और धर्मेंद्र ने बाराती लुक में दिखे शानदार



सनी देओल के बेटे करण देओल की शादी के चर्चा काफी समय से हो रहे थे और आज वो बारात लेकर दुल्हन के घर पहुंच चुके हैं। जी हां, घोड़ी पर बैठे दूल्हा बने करण देओल का वीडियो सामने आया है और उनका दुल्हे वाला लुक शानदार लग रहा है। इस दौरान सनी देओल, बॉबी देओल धर्मेंद्र और अभय देओल रे बाराती लुक ने सामने आकर धमाका कर दिया है। करण देओल जिस लड़की से शादी कर रहे हैं उनको वो काफी समय से डेट कर रहे थे और उनका नाम द्रिशा है। हाल ही में करण की हथेली पर ये नाम लिखा हुआ पाया गया था। लुक्स की बात करें तो करण देओल ने इस दौरान क्रीम कलर की शेरवानी पहनी हुई थी और पगड़ी बांधी हुई थी। करण काफी हैंडसम लग रहे थे। इसके अलावा बात करें बॉबी देओल की तो उन्होने सफेद रंग की शेरवानी पहन लाल रंग पगड़ी बांधी हुई थी। जबकि सनी देओल हरे रंग के कुर्ते में नजर आए थे और काफी जल्दी में दिख रहे थे। इसके अलावा धर्मेंद्र कोट सूट में दिखे। जैसे ही ये तस्वीरें सामने आई धड़ल्ले से वायरल हो रही हैं। लोग लगातार कमेंट्स कर रहे हैं सभी की तारीफ कर रहे हैं। इसके पहले संगीत वाली रात को भी इनके लुक्स काफी पसंद किए गए थे। इस दौरान अंकल बॉबी देओल और उनकी पत्नी तान्या एथनिक वियर में संगीत के लिए तैयार दिखे थे। बॉबी ने मैचिंग बंदगले के साथ पेस्टल पिंक कुर्ता पहना था और तान्या ने चमकीले पीले रंग का लहंगा सेट पहना था। सनी देओल को अपने बेटे के संगीत के लिए गदर फिल्म के किरदार तारा सिंह के रूप में तैयार देखा गया था। फिलहाल ये वीडियो देखिए जो कि अब वायरल हो रहा है।

## तैमूर और इब्राहिम ने थिएटर पहुंचकर छिपाया चेहरा, पापा सैफ नहीं रोक पाए हंसी




लेकिन इस वक्त एक तस्वीर सैफ अली खान की सामने आई है जिसमें वो तैमूर और इब्राहिम के साथ नजर आ रहे हैं। आदिपुरुष के रावण सैफ अली खान इस दौरान इब्राहिम अली खान और तैमूर अली खान के साथ नजर आए थे और वो दोनों को अपनी नई रिलीज हुई फिल्म आदिपुरुष दिखाने लाए थे।

मुंबई में कलाकारों और उनके परिवारों के लिए एक विशेष स्क्रीनिंग आयोजित की गई थी। जबकि पपराज़ी ने सैफ और उनके बेटों की तस्वीरें साझा कीं, एक नई तस्वीर ऑनलाइन सामने आई है जिसमें लड़के एक नासमझ तस्वीर के लिए पोज दे रहे हैं। तैमूर और इब्राहिम अपनी आंखों को ढके नजर आ रहे हैं जबकि सैफ ने उनके साथ एक बड़ी मुस्कान के साथ पोज दिया है। फोटो में तीनों 3डी चश्मा लगाए नजर आ रहे हैं। सैफ अली खान की तारीफ इस फिल्म को लेकर काफी की जा रही है और कहा जा रहा है कि वो दमदार लगे हैं। हालांकि उनके लुक को नापसंद किया जा रहा है। फिल्म को लगातार ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि सैफ अली खान के अलावा किसी स्टार ने स्क्रीन पर लोगों का दिल नहीं जीता है। हालांकि देखने वाली बात तो ये होगी कि आदिपुरुष अपने वीकेंड पर कितने पैसे कमाती है। फिल्म का कुल बजट करीब 500 करोड़ बताया जा रहा है।

## सिर्फ ब्रा पहनकर ये 46 साल की हसीना निकली घर से बाहर, बदन ढकने के लिए सड़ी गर्मी में लिया ऊनी जैकेट का सहारा

मशहूर एक्ट्रेस पूजा बत्रा कई नामी फिल्मों का हिस्सा बन चुकी हैं। कई बड़े-बड़े एक्टर्स के साथ लीड रोल में नजर आने वाली ये हसीना इन दिनों अपने बोल्ड फोटोशूट से सुर्खियां बटोरने का काम कर रही हैं और एक बार फिर से उन्होंने फैंस के दिलों की धड़कन को बढ़ाने का काम कर दिया है। पूजा बत्रा सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा एक्टिव रहती हैं और हाल ही में उन्होंने अपनी एक कातिलाना फोटो शेयर की है, जिसमें उनका हुस्न काफी कमाल का लग रहा है। एक्ट्रेस के लुक की बात करें तो उन्होंने काफी बोल्ड ब्रा पहनी हुई है और नीचे शॉर्ट्स डाले हैं जिनके ऊपर उन्होंने ट्रासपैरेंट टाइट्स पहनी हुई है। एक्ट्रेस ने ऊपर से भारी सा वुलेन श्रग




पहना हुआ है, जो उनके पूरे लुक को काफी ज्यादा क्लासी बना रहा है। एक्ट्रेस ने गल में लंबी सी चेन भी पहनी हुई है। उन्होंने अपने बालों का मेसी बन बनाया हुआ है। और हाथ में एक ब्लैक ब्लिंगी क्लच भी लिया हुआ है।

पूजा बत्रा ने अखिल अक्किनेनी, नागार्जुन अभिनीत तेलुगु फिल्म सिसिंद्री से एक्टिंग की शुरुआत की। इस फिल्म में भिनेत्री को नागार्जुन के साथ जोड़ा गया था। इससे पहले पूजा बत्रा तमिल फिल्म %आसई% में कैमियो रोल में नजर आई थीं। पूजा बत्रा ने %चंद्रलेखा% के साथ मलयालम सिनेमा में अपनी शुरुआत की और फिर एक अन्य मलयालम फिल्म %मेघम% में दिखाई दीं।

पूजा बत्रा ने 1997 में %विरासत% से बॉलीवुड में शुरुआत की, जिसमें उनकी जोड़ी अनिल कपूर के साथ थी। पूजा बत्रा और अनिल कपूर की केमिस्ट्री ने सबका ध्यान खींचा। पूजा बत्रा ने 90 के दशक के टॉप स्टार्स के साथ काम किया, जिनमें गोविंदा, संजय दत्त और सुनील शेट्टी शामिल थे। उनकी कुछ लोकप्रिय फिल्मों में %हसीना मान जाएगी%, %भाई%, %तलाश% और %नायक% शामिल हैं।

पूजा बत्रा अपने अभिनय करियर के चरम पर थीं जब उन्होंने शादी करने का फैसला किया। करीब 30 फिल्मों में काम करने के बाद पूजा बत्रा ने अमेरिका में रहने वाली डॉक्टर सोनू अहलूवालिया से शादी की। शादी के बाद एक्ट्रेस भी यूएस शिफ्ट हो गईं। शादी के बाद पूजा बत्रा यूएस तो चली गईं लेकिन शादी के 9 साल बाद दोनों ने 2011 में तलाक के लिए अर्जी दी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पूजा को उस वक्त हॉलीवुड से ऑफर मिल रहे थे, लेकिन उनके पति उनके फिर से शोबिज में आने के खिलाफ थे। इसलिए, पूजा बत्रा अपने पहले पति को तलाक देकर भारत लौट आई और बॉलीवुड में अपनी दूसरी पारी शुरू की।

# सिने सिनेमा



## सोनू सूद का बयान- 2 बार एमपी और एक बार डिप्टी सीएम बनने के ऑफर को ठुकराया

सोनू सूद अपने नेक काम को लेकर हमेशा चर्चा में बने रहते हैं, अब उनूहें कई बड़े पद के लिए ऑफर आते हैं लेकिन वह ठुकरा रहे हैं।

बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद अपने नेक दिल के लिए जाने जाते हैं, बता दें कि सोनू सूद अपनी लाइफ को लेकर हमेशा चर्चा में बने रहते हैं. एक्टर ने कोविड महामारी के दौरान जरुरतमंदों की खूब मदद की थी,सोनू सूद की दरियादिली को देखकर कुछ लोग कयास लगा रहे थें कि वह बहुत जल्द राजनीति ज्वॉइन करने वाले हैं।

हाल ही में सोनू सूद ने पॉलटिक्स में एंट्री को लेकर अपनी राय रखी है,सोनू ने कहा है कि मुझे 2 बार राज्यसभा सांसद बनने का ऑफर मिला है लेकिन मैंने ठुकरा दिया है,मुझे राजनीति से बड़े बड़े पद ऑफर हुए हैं जैसे कि डिप्टी सीएम बनने का भी पद ऑफर हुआ था लेकिन मैंने ठुकरा दिया।

आगे सोनू ने कहा कि मैं खुद अपने रूल्स बनाना चाहता हूं किसी के बनाएं हुए रूल्स पर नहीं चल सकता हूं, अगर सोनू सूद की वर्कफ्रंट की बात करें तो सोनू सूद लास्ट टाइम फिल्म पृथ्वीराज चौहान में नजर आएं थें. यह फिल्म 3 जून 2022 को रिलीज हुई थी. हालांकि यह फिल्म बुरी तरह से फ्लॉप रही थी सिनेमा घर में।अब जल्द ही वह फिल्म फतेह में नजर आने वाले हैं,लेकिन अगर रिपोर्ट कि मानें तो यह फिल्म जुलाई या अगस्त में रिलीज होगी. इस फिल्म में सोनू के साथ जैक्लिन नजर आने वाली है।

## 20 की उम्र में ही ब्रालेस होकर बाहर आ गईं अनुष्का सेन, दो डोरियों में अटकी थी बोल्ड ड्रेस!

अनुष्का सेन भले ही सिर्फ 20 साल की हैं लेकिन उनकी हरकतें किसी एडल्ट एक्ट्रेस की तरह ही है। कई बार देखा जाता है को वो इस हालत में दिखाई दे जाती हैं कि लोगों को यकीन कर पाना मुश्किल होता है। सेक्सी दिखने की चाहत में कई बार वो कुछ अलग कर देती हैं। इस वक्त उनका जो लुक सामने आ रहा है वो काफी चौकाने वाला है और कहा जा रहा है कि लोग इसको लेकर बातें कर रहे हैं। अनुष्का सेन इस दौरान बिन ब्रा के बाहर निकलीं थीं और काफी सेक्सी लग रहीं थीं। ब्रालेस होकर उन्होने ऐसी ड्रेस पहनी थी जो कि क्लीवेज फ्लॉन्ट



करने में मददगार साबित हो रही थी। दो डोरियों में अटकी इस ड्रेस को पहनकर अनुष्का सेन ने ऐसी अदाएं दिखाई कि लोग उनके दीवाने हो रहे हैं। पोज दे रहीं थीं अनुष्का सेन इस दौरान वो पोज भी दे रहीं थीं और मीडिया के सामने खड़ीं थीं। वायरल भयनी ने इस वीडियो को पोस्ट करते हुए लिखा, %%अडॅरिबल है उसकी हंसी!! उभरती युवा स्टार अनुष्का सेन को आज हमारी टीम ने लिया! समर परफेक्ट ड्रेस के साथ वह बेहद खूबसूरत लग रही हैं।%% लोगों के कमेंट्स इसके बाद लोगों के ढेरों कमेंट्स सामने आ रहे हैं और एक ने लिखा, %%मेरी प्यारी...अनुष्का।%% एक ने लिखा, %%हमेशा की तरह सुंदर।%% एक का कहना था, %%रानी अनुष्का तुम बहुत सुंदर और बहुत खूबसूरत लग रही हो और तुम इस पूरे ब्रह्मांड में सबसे लुभावनी राजसी दिखने वाली दिवा हो।%% इस तरह के ढेरों कमेंट्स सामने आ रहे हैं और लोगों का कहना है कि वो कहर ढाने वाली एक्ट्रेस बनती जा रहीं हैं। अनुष्का ने टीवी शो के साथ साथ फिल्मों में भी धमाका किया है। हालांकि काफी समय से लोग उनके नए प्रोजेक्ट का इंतजार कर रहे हैं।

## करण देओल की शादी में आर्यमान ने किया कुछ ऐसा कि बॉबी देओल ने सबसे सामने की पकड़ लिया गाल और...



बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल के बेटे करण देओल की शादी बड़े ही धूमधाम से हो चुकी है। शादी की पहली तस्वीरें भी सामने आ चुकी हैं। अब इस शादी की इनसाइड तस्वीरों और वीडियो ने इंटरनेट पर कब्जा जमाया हुआ है।

शादी की इनसाइड तस्वीरों और वीडियो में पूरा परिवार पूरे जश्न में डूबा और मस्ती में सराबोर दिखाई दे रहा है। इन्ही में से एक है सनी देओल के भाई बॉबी देओल और उनके बेटे आर्यमान की तस्वीरें और वीडियो। सामने आई तस्वीरों में बॉबी देओल और आर्यमान के बीच जबरदस्त कैमिस्ट्री देखने को मिल रही है। इस दौरान बॉबी देओल बेटे आर्यमान का गाल पकड़ते दिखाई दे रहे हैं, जो की इंटरनेट पर टॉक ऑफ द टाउन बना हुआ है।

वीडियो में आप देख सकते हैं कि पहले बॉबी देओल बेटे के साथ पैपराजी को पोज देते हैं और शर्मिली बेटे को कंफर्टेबल करते हैं और फिर प्यारे से जेसचर और डॉटिंग पापा की तरह बेटे को सोलो पोज देने के लिए छोड़ देते हैं। बॉबी देओल और आर्यमान की ये तस्वीरें काफी तेजी से वायरल हो रही हैं और नेटिजंस इनपर जमकर प्यार लुटा रहे हैं। बता दें कि आर्यमान अपने हैंडसम अंदाज को लेकर छाए रहते हैं और आए दिन उनकी एक से बढ़कर एक शानदार तस्वीरें और वीडियो भी वायरल रहती हैं।

# भाजपा ने भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति खत्म कर विकासवाद की राजनीति प्रतिष्ठित की है - शेजवलकर

दक्षिण विधानसभा में एलिवेटेड रोड सहित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं से जनता लाभान्वित हो रही है - अभय चौधरी

ग्वालियर । मोदी सरकार ने बीते 9 साल में एक पार्टी के अपना परिवार, अपना विकास की नीति को दरकिनार कर सबका साथ, सबका विकास की कहानी लिखी है। प्रधानमंत्री जी ने जातिवाद, परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति को खत्म कर विकासवाद की राजनीति प्रतिष्ठित की है। उक्त बात सोमवार को सांसद विवेक सेजवलकर एवं जिला अध्यक्ष अभय चौधरी ने होटल विनायक में आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी श्री जवाहर प्रजापति, विधानसभा संयोजक विवेक जोशी मौजूद रहे।सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा कि आज का भारत विरासत के साथ विकास करने वाला भारत है। आज भारत के विकास में गति भी है, शक्ति भी है, सुरक्षा भी है और संयम भी। यह नया भारत है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के सपनों का भारत है, मिशन इंडिया के तहत आगे ब?ता हुआ भारत है।भाजपा जिलाध्यक्ष अभय चौधरी ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि ग्वालियर दक्षिण विधानसभा में केन्द्र की मोदी सरकार और प्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार के द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं से जनता लाभान्वित हो रही है। चौधरी ने कहा ग्वालियर दक्षिण विधानसभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी द्वारा ला?ली बहना योजना के अन्तर्गत 40 हजार 439 बहनों के सीधे खातों में 1-1 हजार रुपये जमा किए हैं। अभय चौधरी ने कहा कि हनुमान बांध से लक्ष्मीबाई समाधि स्थल तक एलीवेटेड




रोड का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस महती योजना के पूरा होने पर दक्षिण विधानसभा के लोगों को यातायात से होने वाली परेशानी से निजात मिलेगी। ग्वालियर दक्षिण विधानसभा में विभिन्न पेंशन योजनाओं के अन्तर्गत लगभग 14 हजार पात्र लोगों को योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पिछडा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया गया है। वर्तमान में केन्द्र में 60 प्रतिशत मंत्री एससी, एसटी या ओबीसी है। 9 वर्षों में लगभग सा? 3 करो? घरों में बिजली पहुंचाई गई है।11 करो? से अधिक शौचालयों का निर्माण कराया गया है।10 करो? से अधिक किसानों को पीएम सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। देश में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड से अधिक लोगों को निशुल्क खाद्यान्न मिल रहा है। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत देश में सा? 9 करो? लोगों को निशुल्क गैस कनेक्शन मिला है। 9 वर्षों में देश में 48 करो? के लगभग अधिक नागरिकों के प्रधानमंत्री जनधन खाते खोले गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत देश में 3 करो? से अधिक आवास बने हैं। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत देश में 12 करो? से अधिक घरों में नल से जल पहुंचाया गया है। आयुष्मान भारत योजना में देश के लगभग 55 करो? लोगों को आयुष्मान भारत का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पहले गरीबों को एक रुपया भेजा जाता था तो केवल 14 पैसे पहुँच पाते थे। आज नरेन्द्र मोदी सरकार में 100 रुपये भेजे जाते हैं तो 100 रुपये पहुँचते हैं। उन्होंने कहा कि धारा 370 को समाप्त किया, ट्रिपल तलाक की कुप्रथा खत्म हुई और आतंकवाद पर सर्जिकल स्ट्राइक हुआ, एयर स्ट्राइक हुआ। अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण भी तेज गति से चल रहा है।

## कैसे करें ग्राहक अपने हक की मांग :ग्राहक पंचायत प्रांतीय कार्यशाला संपन्न

भोपाल में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत प्रांतीय कार्यशाला का आयोजन नवनिर्वाचित प्रांतीय कार्यकारिणी को कार्य पद्धति से अवगत कराने के लिए किया गया। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत भारत में ग्राहकों को उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों कानूनी ज्ञान एवं सामग्री में होने वाले लाभों को लेकर जागरूक करती है। यहां संगठन ग्राहकों को सामग्री बाजार से खरीदते समय किन महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखना चाहिए, जिससे उन्हें संपूर्ण लाभ मिल सके एवं खरीदी हुई सामग्री से हमारी सरकार को भी कोई नुकसान ना हो इन बातों से ग्राहक पंचायत उपभोक्ता को अवगत कराने का कार्य कर रही है।साथ ही यदि किसी उपभोक्ता के साथ कोई भी तरीके का धोखाधड़ी फरेब विक्रेता द्वारा किया गया है तो उस फरेब की कानूनी कार्रवाई वहां उपभोक्ता किस तरह से कर सकता है एवं अपने हक की लड़ाई किस तरह से एक उपभोक्ता लड़ सकता है उसके बारे में भी यहां संगठन उपभोक्ता को अवगत कराता है एवं उनका सहयोग करता है।भोपाल में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत कार्यालय में प्रांत कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरुआत ग्राहक गीत एवं मंत्र के साथ की गई।मुख्य वक्ता लोकेंद्र मिश्रा ने अपने उद्बोधन मैं बताया कि पहला मध्य भारत प्रांत का कार्यशाला भोपाल में आयोजित हुआ है इस संगठन की स्थापना




1974 के दशक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय प्रचारक दत्तोपंत ठेंगड़ी ने की थी। संगठन का उद्देश ग्राहकों को जागरूक करने शोषण से बचाना है निवेदिता चतुर्वेदी मैं अपने उद्बोधन में बताया कि संघ का उद्देश्य सिर्फ ग्राहक को जागरूक करना नहीं है बल्कि ग्राहक की जागरूकता से देश को क्या लाभ होगा और कैसे यहां देखना भी होता है क्योंकि जिस तरह की स्थिति श्रीलंका और पाकिस्तान में आज उपस्थित हो चुकी है इस स्थिति से बचने के लिए हमें अपने देश के ग्राहकों को जागरूक करना आवश्यक है इसके साथ ही आगे कहते हुए उन्होंने बताया कि हमारे भारत देश से भारत रतन मदर टेरेसा जी को मिला जिन्होंने एक अनुकूल परिस्थितियों में शिक्षा देने का कार्य किया था।परंतु सावित्रीबाई फूले जिन्होंने प्रतिकूल परिस्थितियों में प्रथम शिक्षा देने का कार्य किया जब शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को शिक्षा नहीं दी जाती थी ऐसी स्थितियों में शिक्षा दी, उन्हें हमारे देश से कोई भी सम्मान नहीं मिला। हमारे भारत देश की कमियों में से एक कमी यहां है कि ,वहां हमारे भारत देश के मूल अपनाने वाले लोगों को सम्मान का पात्र नहीं बनाते।अनिला जगत ने अपने उद्बोधन में बताया कि सनातन धर्म में प्रत्येक पेड़ का अपना महत्व होता है जो बातें हमारे सनातन धर्म में कई वर्षों पहले बताई गई वह बातें आज तक नासा वाले अपने शोधन में बता रहे हैंअंतिम आभार आशा सिंह ने देते हुए कहा ग्राहक पंचायत ग्राहकों को जागरूक कर उनके हित के लिए कार्य करती हैकार्यक्रम में मुख्यरूप से आशा सिंह केंद्रीय महिला जागरण प्रमुख, नीलम जगदीश गुप्ता जिला सह संयोजिका, निवेदिता चतुर्वेदी बाल आयोग के सदस्य, अनिला जगत केंद्रीय पर्यावरण प्रमुख, लोकेंद्र मिश्रा प्रांत सचिव, मोनिका जैन एडवोकेट मध्य भारत प्रांत अध्यक्ष भारत तिब्बत सहयोग मंच, सरिता शर्मा जिला अध्यक्ष भोपाल, प्रतिमा हरित सह सचिव, मनीषा चंद्रवंशी, अंजुला सोनी, सुधा बैस जिला सह सचिव।उपस्थित अतिथियों के सानिध्य में स्वरोजगार से कार्य कर रही महिलाओं का सम्मान किया गया जिसमें वैशाली बारी, संजना श्रीमाली, निशा सिंह ,नीतू सेंगर, मनीषा चंद्रवंशी का सम्मान किया गया।एक संगठन तभी सशक्त बनता है जब उसका कार्यकर्ता पूर्ण निष्ठा से कार्य करता है

## राधा का नाम लेने से मिट जाती है जीवन की बाधाः देवी प्रतिभाजी




ग्वालियर। राधा नाम के कई लाभ हैं। सिर्फ राधारानी का नाम लेने से जीवन की हर बाधा दूर हो जाती है ,इसलिए हमें हर परिस्थिति में राधा नाम का सुमिरन करते रहना चाहिए। नाम जप से ही सारे कष्टों से मुक्ति मिल जाती है। यह विचार अंर्तराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता देवी प्रतिभा जी ने ब?ागांव में आयोजित हो रही श्रीमद्भागवत कथा में सोमवार को व्यक्त किए। इस मौके पर कथा परीक्षत श्रीमती मनीषा भुजवल यादव ने व्यासपीठ की आरती की। रिमझिम फुहारों के बीच विशाल वाटर प्रूफ डोम में हजारों श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए प्रतिभा देवीजी ने कहा कि अमृतपान से व्यक्ति सिर्फ अमर होता है, लेकिन कथा का अमृतपान करने से जीवन मरण के चक्र से मुक्ति मिल जाती है। सात दिन कथा सुनने के बाद परीक्षत के लिए वैकुंठ से विमान आया, इसलिए श्रीमद्भागवत कथा 17 पुराओं से अधिक श्रेष्ठ मानी जाती है। भागवत की महिमा इतनी सुंदर है कि जितना श्रवण किया जाए कम हैं, इसलिए व्यक्ति को जीवन में एक बार भागवत जरूर सुनना चाहिए।

## घाटीगाँव में युवाओं ने बाजुओं में मैं हूँ अभिमन्यु की पट्टिका बांधकर महिला सशक्तिकरण की शपथ ली

### बेटी, बहन व माँ के सर पे हाथ रखकर सामाजिक कुरीतियों का चक्रव्यूह तोड़ने का संकल्प पुलिस ने दिलाया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। एसपी ग्वालियर राजेश चंदेल के निर्देशन में घाटीगाँव एसडीओपी संतोष पटेल व थाना प्रभारी शैलेन्द्र घुरैया द्वारा घाटीगांव बस स्टैंड पर आमजन को अभियान अभिमन्यु के बारे में बताया गया तथा शपथ दिलाई गई जिसमें युवाओं ने स्वेच्छा से नवाचार करते हुए दुसरो को प्रेरित करने के लिए बाजुओं में सफेद पट्टिका बांधी जिसमें लिखा था मैं भी अभिमन्यु। उसके बाद बाजार में घूम रही एक बेटी, बहन व माँ को साक्षी मानकर सभी ने शपथ ली। अभियान अभिमन्यु का अर्थ नारी के सम्मान के लिए सामाजिक कुरीतियों के चक्रव्यूह को तोड़ना है। हम शपथ लें कि मैं अपनी माँ बहन



बेटी के सर पे हाथ रखकर कसम खाता हूँ कि मैंने माँ के पेट से अभिमन्यु की तरह नारी सम्मान का जो गुण सीखा है उससे लिंगभेद, कन्या भ्रूण हत्या, घरेलू हिंसा, रूढ़िवादिता, दहेज के चक्रव्यूह को तोड़ूंगा और समाज को इस चक्रव्यूह में फंसने से बचाऊंगा। समाज में नारी के रूप माँ बहन बेटी की इज्जत करूँगा, उनको कभी भी अपमानित नहीं होने दूँगा।

## अजय वर्मा को मध्यप्रदेश का प्रतिष्ठित संतोष कुमार शुक्ला लोक संप्रेषण पुरस्कार



भोपाल। मध्यप्रदेश के राज्यपाल के प्रेस अधिकारी अजय वर्मा को मध्य प्रदेश के सबसे प्रतिष्ठित माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान की ओर से संतोष कुमार शुक्ला लोक संप्रेषण पुरस्कार के लिए सर्वसम्मति से चुना गया था। सोमवार को सप्रेजी की जयंती और माधवराव सप्रे स्मृति समाचारपत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान, भोपाल के स्थापना दिवस पर विधानसभा स्पीकर गिरीश गौतम ने अजय वर्मा को पुरस्कार देकर सम्मानित किया है। यहां बता दें कि 24 जून 1966 को जन्मे अजय वर्मा ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय की मेरिट लिस्ट में द्वितीय स्थान के साथ इतिहास विषय में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त करने के बाद विश्वविद्यालय अंतर्गत सी.एम.पी. डिग्री कॉलेज में 2 वर्ष अध्यापन का कार्य किया है। मध्यप्रदेश राज्य सिविल सेवा की वर्ष 1990 और 1993 की परीक्षाओं में चयनित होकर, खरगोन एवं रीवा के सहकारिता विभाग के जिला कार्यालयों में वर्ष 1992 से 1995 तक और इंदौर, रीवा, ग्वालियर, शिवपुरी, झाबुआ, छतरपुर के जनसंपर्क विभाग के जिला कार्यालयों में वर्ष 1995 से 2006 तक कार्य किया है। भोपाल में ग्रामीण विकास विभाग के राज्य मीडिया अधिकारी के पद पर वर्ष 2006 से 2010 तक, मुख्यमंत्री प्रेस प्रकोष्ठ में वर्ष 2010 से वर्ष 2018 तक कार्य उपरान्त वर्तमान में राज्यपाल मध्यप्रदेश के प्रेस अधिकारी के पद पर सेवारत हैं।

उपलब्ध हैं।
फाइनेंस / लोन / होम लोन
ग्वालियर मुरैना बामोर गोहद मालनपुर डबरा इत्यादि जगह में आप मकान खरीदने और प्लॉट खरीद कर मकान बनाने के लिए लोन के हैं जरुरत तो करें हमसे संपर्क।
संपर्क करें
07974596469

प्रो. अमित मो. 7772843302 9617243208
श्री हनुमते नमः
प्रो. दीपक मो. 9639422665 7024015532
जय दंदरौआ सरकार इन्टरप्राइजेज
डिस्पोजल
दोना पत्तल, डिस्पोजल प्लेट, ग्लास, पत्ते वाली पत्तल, दोने
निर्माता एवं थोक विक्रेता
शादी, पार्टी एवं अन्य शुभ कार्यों आदि में सभी सामान फैक्ट्री रेट पर उपलब्ध है

## इन्द्रप्रस्थ हॉस्पिटल में आयोजित हुआ निःशुल्क चिकित्सा एवं औषधि शिविर

दैनिक पुष्पांजली टुडे




**ग्वालियर।** ओम जय माँ पीताम्बरा शिक्षा एवं स्वास्थ्य समिति द्वारा संचालित इन्द्रप्रस्थ हॉस्पिटल में आयोजित किया गया निःशुल्क स्वास्थ्य एवं औषधि वितरण शिविर जिसका लाभ ग्रामीण इलाक़े के क़रीब 263 लोगों ने लिया। शिविर में दंत रोग विशेषज्ञ ,नेत्र रोग विशेषज्ञ, महिला एवं शिशु रोग आदि सभी चिकित्सकों द्वारा जाँच एवं उपचार हेतु निःशुल्क परामर्श और दवाई मुहैया करायी गई। मुख्य रूप से ग्राम रेंहट, माहरामपुरा,श्यामपुरा,चराई,घटिगांव आदि समस्त गाँव के सरपंच मौजूद रहे। शिविर की अध्यक्षता हॉस्पिटल संचालक हर्षवर्धन सिंह तोमर द्वारा की गई और सभी आम जन को सूचित किया गया कि यह शिविर प्रत्येक रविवार को लगा करेगा।

पुष्पांजली टुडे
आम सूचना / कोर्ट नोटिस
साइज फिक्स रूपये
8x4 cm 1120
10x4 cm 1400
12x4 cm 1680
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

पुष्पांजली टुडे
गुमशुदा / खोया -पाया
नाम परिवर्तन
साइज फिक्स रूपये
8x4 cm 1050
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478